RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 अंक : 120 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 21 अप्रैल, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## भांजे के इश्क में पागल हुई मामी, साउदी अरब से आए पति का किया मर्डर




**लखनऊ (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मेरठ के बाद अब देवरिया में भी खौफनाक मर्डर हुआ है। उत्तर प्रदेश के देवरिया में रविवार को ट्रॉली बैग में मिली लाश की पहचान बैग में मिले पासपोर्ट के आधार पर 37 वर्षीय नौशाद के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि प्रेम में बाधक बनने पर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। घटना के बाद सीओ ने फौरन दबिश दी और पत्नी समेत तीन अन्य को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि नौशाद की पत्नी का गांव के ही रिश्ते में लगने वाले भांजे से प्रेम संबंध था। जिसकी तलाश जारी है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### किसान को दिखा था ट्रॉली बैग

"रविवार को दिन में एक किसान गेहूं कटवाने के लिए मशीन लेकर खेत में पहुंचे थे। इस दौरान बगल के खाली खेत में उनकी नजर एक ट्रॉली बैग पर पड़ी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर एसपी, एडिशनल एसपी, डॉग स्क्वाएड और फॉरेंसिक टीम पहुंची और शव की शिनाख्त की कोशिश की गई। इस दौरान बैग में एक पासपोर्ट मिला। कातिलों ने शव को ठिकाने लगाने से पहले बैग को चेक नहीं किया था। ऐसे में पासपोर्ट की मदद से पुलिस ने शव की पहचान कर ली।

# 'राष्ट्रपति को कैसे आदेश दें, हम पर पहले ही आरोप लगा रहे'

## पश्चिम बंगाल में हिंसा पर सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट और कार्यपालिका का टकराव एक बार फिर चर्चा में है। राष्ट्रपति और गवर्नर को दिए आदेश के बाद कई बीजेपी नेताओं ने सर्वोच्च न्यायालय को निशाने पर लिया, जिसे लेकर पक्ष और विपक्ष में सियासी संग्राम छिड़ गया। वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मुर्शीबाद में हुई हिंसा को लेकर भी बड़ी खबर सामने आई है। याचिकाकर्ताओं ने बिना तैयारी के याचिका दायर की थी जिसे वापस लेते हुए संसोधित याचिका दायर करने का सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा गया है।

वक्फ अधिनियम के विरोध में पश्चिम बंगाल की हिंसा पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि न्यायपालिका पर कार्यपालिका के काम में हस्तक्षेप का आरोप लग रहा है।

मशहूर अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। विष्णु शंकर जैन का कहना है कि हिंसा पर काबू पाने के लिए बंगाल में अर्धसैनिक बलों की तैनाती होनी चाहिए। ऐसे में उन्होंने अदालत से



गुजारिश की है कि वो केंद्र को सुरक्षाबलों की तैनाती करने और बंगाल हिंसा की जांच के लिए पैनल गठित करने का आदेश दे। साथ ही मुर्शिदाबाद में हिन्दुओं के पलायन की भी रिपोर्ट भी पेश की जाए।

याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को ऐसा करने का आदेश दें? मगर हमारे ऊपर पहले ही कार्यपालिका के काम में दखलअंदाजी करने का आरोप लग रहा है। इसलिए प्लीज। बता दें कि जस्टिस बीआर गवई अगले महीने भारत के मुख्य न्यायाधीश बनने वाले हैं। उनका कहना है कि सत्ताधारी दल के नेताओं ने जो बयान दिए हैं, उस पर सुप्रीम कोर्ट की पूरी नजर है।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रपति और राज्यपाल को आदेश दिया था कि वो किसी भी बिल को अनिश्चित काल के लिए नहीं रोक सकते हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दिल्ली में भाजपा का सीएम के बाद मेयर भी

### 'आप' नहीं लड़ेगी मेयर का चुनाव



मेयर चुनाव के लिए भाजपा ने सरदार राजा इकबाल सिंह का नाम किया घोषित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में अब भाजपा के मुख्यमंत्री बनने के बाद मेयर भी भाजपा का ही बनेगा। दिल्ली के मेयर चुनाव से आम आदमी पार्टी ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। आम आदमी पार्टी दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगा।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को घोषणा की कि आगामी नगर निगम (एमसीडी) वार्षिक मेयर चुनाव के लिए भाजपा ने सरदार राजा इकबाल सिंह को मेयर और जय भगवान यादव को उप मेयर पद का उम्मीदवार चुना है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी इस बार मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी।

सचदेवा ने कहा कि सरदार राजा इकबाल सिंह पूर्व में उत्तरी दिल्ली नगर निगम के मेयर रह चुके हैं और वर्तमान में एमसीडी में विपक्ष के नेता हैं। दिल्ली के विकास और निगम की कार्यप्रणाली को मजबूत करने के लिए सही विकल्प हैं। वहीं, दो बार के पार्षद जय भगवान यादव को उप मेयर पद के लिए चुना गया है। सचदेवा ने विश्वास जताया कि दोनों नेता मिलकर दिल्ली की जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उनकी पार्टी इस बार मेयर चुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। उन्होंने कहा, 'हमारा फोकस दिल्ली की जनता के लिए बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने पर है न कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा पर।' आप की ओर से इस फैसले ने एमसीडी चुनाव की दौड़ को और दिलचस्प बना दिया है, क्योंकि आप के पास वर्तमान में 142 वोटों का समर्थन है, जबकि भाजपा के पास 122 वोट हैं।

## गाजियाबाद से नोएडा आने पर छूटे पसीने, लगा भीषण जाम



**नोएडा (दिनेश गुप्ता)।** नोएडा के सेक्टर-63 में सोमवार सुबह छजारसी फुटओवर ब्रिज के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने शव को हाइवे पर रखकर धरना-प्रदर्शन किया, जिससे दिल्ली जाने वाला यातायात पूरी तरह ठप हो गया।

जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब आठ बजे की है। हादसे की सूचना मिलते ही नोएडा पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने यातायात को सामान्य करने के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू की। विजयनगर और क्रॉसिंग रिपब्लिक थानों से मिली जानकारी के अनुसार, नोएडा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि एक कार ने बाइक में टक्कर मारी और चालक कार को छोड़कर फरार हो गया। परिजनों के प्रदर्शन के कारण एनएच-24 पर भीषण जाम लग गया और वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसना पड़ा।

## अनुराग कश्यप की टिप्पणी पर भड़का ब्राह्मण समाज

### सेक्टर-71 कोतवाली में एफआईआर लिखने को दिया ज्ञापन



**नोएडा (चेतना मंच)।** फिल्मकार अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी के विरोध में आज ब्राह्मण समाज महासंघ (रजि) ने नोएडा के सेक्टर-71 कोतवाली थाने में प्राथमिकी लिखवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। ब्राह्मण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एक्वा मेट्रो के संचालन में आई दिक्कत, यात्री हुए परेशान



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा से ग्रेटर नोएडा डिपो के बीच चलने वाली नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) की एक्वा मेट्रो के रूट पर मेट्रो का संचालन आज सुबह आंशिक रूप से बाधित रहा। जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्हें गंतव्य स्थलों पर पहुंचने में विलंब हुआ।

यात्रियों ने बताया कि सुबह पीक ऑवर्स में ट्रेनों का संचालन धीमी गति से रहा तथा सेक्टर-142 तथा 143 स्टेशनों पर ट्रेन क्रमशः 8 तथा 7 मिनट तक रूकी रही। इस कारण उन्हें यात्रा में काफी विलंब हुआ। इसके कारण हजारों यात्री हलकान रहे। इस बाबत पूछने पर एनएमआरसी की डीजीएम (कम्युनिकेशंस) निशा वधावन ने कहा कि ट्रेनों के संचालन में कुछ दिक्कतों की जानकारी मिली है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## स्केटिंग कोच की बैठक में मारपीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा स्टेडियम के स्केटिंग ट्रैक पर कोच की बैठक के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। एक कोच ने 3 लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। सहमे कोच ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।



जानकारी के मुताबिक स्केटिंग कोच गजेन्द्र यादव ने आरोप लगाया है कि नोएडा में स्केटिंग खेल को प्रोत्साहित करने के लिए बैठक के दौरान उनके साथ नोएडा सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में मारपीट की गई। रात में उन्होंने डॉयल-112 पर फोन किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। कोच गजेन्द्र यादव नेन बताया कि बैठक के दौरान कई मुददों पर बातचीत हो रही थी। इसी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## वायु प्रदूषण से निजात दिलाएंगे मिस्ट स्प्रे!

### अन्य स्थानों पर भी लागू होगी योजना : आरपी सिंह

**नोएडा (चेतना मंच)।** धूल के कण को कम करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने डीएससी रोड पर एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके तहत 700 मीटर के स्ट्रैच में 13 पोल पर मिस्ट स्प्रे लगाए गए है। जो कि सड़क पर चार से पांच फीट दूरी तक पानी की फुहार छोड़ेंगे। ये मिस्ट स्प्रे पीक आवर में सुबह और शाम तीन-तीन घंटे चलाए जा रहे हैं। एक पोल पर छह मिस्ट स्प्रे नोजल लगे है। सात दिन तक इनका निरीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद इनको अन्य मुख्य सड़कों पर लगाया जाएगा।

प्राधिकरण के महाप्रबंधक (जल) आर.पी. सिंह ने बताया कि





मिस्ट स्प्रे से पानी की फुहार छोड़ी जा रही है।

ये स्प्रे सुबह 8 से 11 और और शाम को 6 से 9 बजे तक 10 मिनट के अंतराल पर चलाए जा रहे है। अभी इनको सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-16 की ओर करीब 700 मीटर स्ट्रैच में लगाया गया है। एक घंटे में एक पोल पर स्प्रे के लिए 30 लीटर आरओ पानी की जरूरत होती है। आरओ प्लांट, 5000 लीटर का वाटर टैंक, स्वचालित कंट्रोल पैनल द्वार नियंत्रित होता है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



*संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, द्वितीय महिला उषा वेंस अपने बच्चों के साथ दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर पहुंचे। दोनों वहां अपने बच्चों के साथ एक घंटा तक रहे। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर आज दिल्ली पहुंचे।*

## दशक बाद धरातल पर उतरी एलीवेटिड रोड की योजना

### वर्ष-2015 में अखिलेश यादव ने किया था शिलान्यास, 600 करोड़ होंगे खर्च

**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के शासनकाल में डीएनडी से लेकर सेक्टर-57 तक बनने वाली एलीवेटिड रोड की योजना को अब तकरीबन एक दशक बाद धरातल पर उतारने की कवायद शुरू की जा रही है।

अब नोएडा प्राधिकरण इस एलिवेटिड रोड की योजना की फिजिबिलटी तैयार कर रहा है। इस योजना की फाइल अब अध्ययन के लिए आईआईटी रूड़की भेजी गयी है। इसके बाद निर्माण शुरू करने के लिए डीपीआर तैयार की जाएगी।

बता दें कि कि इस एलिवेटिड रोड का शिलान्यास वर्ष-2015 में समाजवादी पार्टी के शासन काल में मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किया गया था।

इस योजना के चालू होने पर लोगों को दिल्ली से नोएडा के अंदर के कई सेक्टरों में जाने के लिए शहर



में प्रवेश नहीं करना पड़ेगा। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि डीएनडी से सीधे सेक्टर-57 चौराहे तक इस एलिवेटिड रोड के बनने से नोएडा के सेक्टर-57, 58, 59 के अलावा सेक्टर-65 तथा मामूरा एवं अन्य सेक्टरों में यातायात सुचारू रूप से चलेगा। वाहन चालकों को रेड लाइट तथा जाम के झाम के झंझट से मुक्ति मिल जाएगी।

इस एलिवेटिड के निर्माण में करीब 600 करोड रूपये का खर्च आएगा। बता दें कि पीक ऑवर्स में रजनीगंधा चौराहे पर वाहनों का भारी जमावड़ा लग जाता है। इस एलिवेटिड रोड के बनने से जाम से मुक्ति मिल जाएगी।

ADMISSION OPEN
SARASWATI GLOBAL SCHOOL
NCERT BOOKS
(Buy NCERT Books from any stationary shop)
Sector 22 Noida
Mob.8750611103

# अपराध की दुनिया

दरअसल, जेल बनाने का मूल मकसद देशकाल, परिस्थिति, भावनात्मक उद्वेग या आपराधिक मनोवृत्ति से अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले लोगों में सुधार लाना ही रहा है। जिससे भटके हुए लोग समाज की मुख्यधारा से अलग रहकर आत्ममंथन कर सकें। सजा का मकसद दंड के बजाय सुधार रहा है। लेकिन भारतीय जेलें जिस हाल में हैं, उससे यह मकसद पूरा होता नजर नहीं आता। निस्संदेह, देश में जेलें संकटग्रस्त हैं। ये सभ्य नागरिकों की राह से भटके लोगों को भेड़-बकरियों की तरह भरने वाले स्थानों जैसी हैं। इस बाबत इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 कमोबेश इन्हीं स्थितियों का खुलासा करती है। वर्ष 2022 तक 4.36 लाख कैदियों के रहने हेतु बनायी गई जेलों में 5.73 लाख कैदी बंद थे। जो निर्धारित से 131 फीसदी अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक जेलों में कैदियों की संख्या 6.6 लाख तक पहुंच सकती है। जो निर्धारित 5.15 लाख की अनुमानित क्षमता से कहीं अधिक होगी। निस्संदेह, यह संकट अनुमान से कहीं अधिक गहरा है। निश्चित रूप से इसे कैदियों के मानवाधिकार का आपातकाल कहा जा सकता है। लेकिन संकट सिर्फ भीड़भाड़ का ही नहीं है। विडंबना देखिए कि पूरी जेल आबादी के लिये सिर्फ 25 मनोचिकित्सक ही हैं। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 के बाद कैदियों में मानसिक रोग दुगने आंके गए हैं। इनमें ज्यादातर वे कैदी हैं जो विचाराधीन हैं। जिनका अपराध तय नहीं हो पाया है। न्यायिक प्रक्रिया में विलंब की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर जेलों में चिकित्सा व्यवस्था का संकट भी उतना ही गहरा है। जेलों में चिकित्सा अधिकारियों के 43 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। यह व्यवस्थागत खामियों की ही तसवीर है कि देश की राजधानी में 206 कैदियों पर एक चिकित्सक नियुक्त है। यही वजह है कि उचित देखभाल के अभाव में जेलों में तमाम कैदी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेल रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद इस गंभीर समस्या के समाधान के लिये गंभीर प्रयास नहीं हो रहे हैं। निश्चित रूप से कैदियों के हितों की अनदेखी कोई नई बात नहीं है। देश की शीर्ष अदालत अकसर दीर्घकालीन जेल नियोजन की आवश्यकता पर बल देती रही है। लेकिन शासन-प्रशासन की कार्यवाही या तो धीमी है या फिर इन समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया दर्शाया जाता है। जबकि कैदियों के मानवाधिकारों के मद्देनजर इस मामले में संवेदनशील रवैया अपनाया जाना चाहिए। इस समस्या का सबसे बड़ा संकट कर्मचारियों की भारी कमी भी है। विडंबना यह है कि कुछ क्षेत्रों में तो सुधारात्मक कार्यों के लिये स्वीकृत पदों पर रिक्तियां साठ फीसदी तक पहुंच गई हैं। उदाहरण के लिये दिल्ली की जेलें 250 फीसदी से अधिक क्षमता के साथ संचालित की जा रही हैं। एक विसंगति यह भी है कि इन जेलों में वंचित समाज और हाशिये पर गए वर्गों के लोगों की संख्या अधिक है। जो न्याय प्रणाली में गहराई तक जड़ जमा चुकी असमानता को ही दर्शाती है। वहीं दूसरी ओर इस संकट से निबटने के लिये जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नजर आती है। जैसा कि शीर्ष अदालत बार-बार विचाराधीन कैदियों के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने के निर्देश देती है, उस पर गंभीरता से अमल करने की जरूरत है। यदि फास्ट-ट्रैक कोर्ट और वैकल्पिक विवाद समाधान से विचाराधीन कैदियों की संख्या को कम कर दिया जाए, तो जेल व्यवस्था में बड़ा सुधार लाया जा सकता है। देश की जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप बुनियादी ढांचे में तत्काल निवेश करने की जरूरत है। समाज के वंचित वर्गों के लिये सहज कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में भी कदम उठाने की आवश्यकता है। जेलों को लंबे समय तक सजा देने की जगह नहीं बनाया जाना चाहिए। जेल को सुधार का केंद्र बना रहना देना चाहिए। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वहां कैदियों के साथ कितना सम्मानजनक व्यवहार किया जाता है। उनकी देखभाल के प्रति कितना संवेदनशील रवैया अपनाया जाता है। यदि हम ऐसा करते हैं तो हम उन पर कोई उपकार नहीं कर रहे होते हैं, बल्कि यह उनका संवैधानिक अधिकार है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सिंह की सी गर्दन थी, सुंदर जनेऊ था। भुजाओं में जो गहने थे, वे भी सुंदर थे। हाथी की सूँड के समान ( उतार-चढ़ाव वाले ) सुंदर भुजदंड थे। कमर में तरकस और हाथ में बाण और धनुष ( शोभा पा रहे ) थे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-तड़ित बिनिंदक पीत पट उदर रेख बर तीनि।**
**नाभि मनोहर लेति जनु जमुन भँवर छबि छीनि॥**

(स्वर्ण-वर्ण का प्रकाशमय) पीताम्बर बिजली को लजाने वाला था। पेट पर सुंदर तीन रेखाएँ (त्रिवली) थीं। नाभि ऐसी मनोहर थी, मानो यमुनाजी के भँवरों की छबि को छीने लेती हो॥

**पद राजीव बरनि नहिं जाहीं। मुनि मन मधुप बसहिं जेन्ह माहीं॥**
**बाम भाग सोभति अनुकूला। आदिसक्ति छबिनिधि जगमूला॥**

जिनमें मुनियों के मन रूपी भौंरे बसते हैं, भगवान के उन चरणकमलों का तो वर्णन ही नहीं किया जा सकता। भगवान के बाएँ भाग में सदा अनुकूल रहने वाली, शोभा की राशि जगत की मूलकारण रूपा आदि शक्ति श्री जानकीजी सुशोभित हैं॥

**जासु अंस उपजहिं गुनखानी। अगनित लच्छि उमा ब्रह्मानी॥**
**भृकुटि बिलास जासु जग होई। राम बाम दिसि सीता सोई॥**

जिनके अंश से गुणों की खान अगणित लक्ष्मी, पार्वती और ब्रह्माणी (त्रिदेवों की शक्तियाँ) उत्पन्न होती हैं तथा जिनकी भौंह के इशारे से ही जगत की रचना हो जाती है, वही (भगवान की स्वरूपा शक्ति) श्री सीताजी श्री रामचन्द्रजी की बाईं ओर स्थित हैं॥

(क्रमशः...)

# ग्रामीणों की खुशहाली के लिये मनरेगा का सशक्तिकरण हो

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज पर संसद की स्थायी समिति ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) के तहत प्रदान किए जाने वाले काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 दिन करने समेत श्रमिकों के दैनिक पारिश्रमिक को कम से कम 400 रुपये निर्धारित करने की सिफारिश की है, इन सिफारिशों से न केवल यह योजना अधिक सशक्त एवं प्रभावी होकर ग्रामीण जनजीवन के कमजोर लोगों के लिये राहत का माध्यम बनेगी, बल्कि ग्रामीण जीवन को नये भारत की बुनियाद बनायेगी। मनरेगा भारत सरकार द्वारा ग्रामीण गरीब एवं कमजोर लोगों के लिए उठाया गया एक क्रांतिकारी कदम है और वर्तमान में यह भारत में सबसे बड़ा स्व-लक्ष्यीकरण कार्यक्रम है। यह सामाजिक सुरक्षा, आजीविका सुरक्षा और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण के माध्यम से ग्रामीण भारत में समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावशाली साधन है। जो नये भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत का आधार होगा।

मनरेगा में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण और शिकायत निवारण तंत्र की व्यवस्था है, बावजूद मनरेगा में भी भ्रष्टाचार, अफसरशाही, अनियमितता, कोताही के कारण इस महत योजना पर भी समय-समय अंधेरा छाता रहा है। यों तो गिरावट हर स्तर पर है। समस्याएं भी अनेक मुखरित हैं पर राष्ट्रीय चरित्र को विघटित करने वाले भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की काली छाया मनरेगा पर न पड़े, इसलिये स्थायी समिति का यह सुझाव स्वागतयोग्य है कि श्रमिकों की संतुष्टि, वेतन में देरी, भागीदारी के रुझान और योजना में वित्तीय अनियमितताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। इसीलिये समिति ने मनरेगा से जुड़े कार्यक्रम की कमियों के बारे में अहम जानकारी प्राप्त करने और मनरेगा की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यक नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए देशभर में स्वतंत्र एवं पारदर्शी सर्वेक्षण की सिफारिश की है। समिति ने उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप देने पर भी जोर दिया है। मनरेगा बदलते वक्त और उभरती चुनौतियों के बावजूद आज भी प्रासंगिक है।

मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करता है, जिससे लोगों को आय प्राप्त होती है और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है, यह योजना टिकाऊ संपत्तियां जैसे सड़क, नहर, तालाब, कुएं बनाने पर जोर देती है, जो ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में योगदान करती हैं। भारत आज भी गांवों का देश है, विकास की गंगा गांवों से होकर ही निकलती है। मनरेगा ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाता है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां अन्य रोजगार के अवसर सीमित हैं, यह श्रम शक्ति के सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है। यह योजना ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्रदान करती है, जिससे वे सशक्त हो पाती हैं और समाज में सक्रिय भूमिका निभा पाती हैं। यदि किसी व्यक्ति को मनरेगा के तहत 15 दिनों के भीतर काम नहीं मिलता है, तो उन्हें बेरोजगारी भत्ता



**मनरेगा में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण और शिकायत निवारण तंत्र की व्यवस्था है, बावजूद मनरेगा में भी भ्रष्टाचार, अफसरशाही, अनियमितता, कोताही के कारण इस महत योजना पर भी समय-समय अंधेरा छाता रहा है।**

दिया जाता है, जो एक सुरक्षा जाल के रूप में कार्य करता है।

मनरेगा एक बहुआयामी योजना है, जिसके तहत विभिन्न उत्पादक परिसंपत्तियों का निर्माण किया जाता है, जैसे कि जल संरक्षण संरचनाएं, ग्रामीण सड़कें, और अन्य बुनियादी ढाँचे की परियोजनाएं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती हैं। मनरेगा के तहत रोजगार एक कानूनी अधिकार है, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को रोजगार का दावा करने का अधिकार है। इस दूरगामी एवं ग्रामीण जनजीवन के उन्नयन एवं उत्थान के कार्यक्रम के लागू होने के बाद लाखों मजदूरों को काम मिला है। पलायन में काफी हद तक कमी आई। मनरेगा ने साबित किया कि भारत में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वह आज भी उम्मीद की किरण है। इस कार्यक्रम से लाखों अकुशल श्रमिकों और महिलाओं को पूरे वर्ष में सौ दिन के रोजगार की गारंटी मिली। इससे बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवार लाभान्वित हुए। यही वजह है कि इस कार्यक्रम में काम के दिन बढ़ाने की मांग अक्सर उठती रही है। अब संसद की स्थायी समिति ने भी मनरेगा पर भरोसा जताते हुए काम के दिनों की संख्या बढ़ा कर पांच महीने यानी डेढ़ सौ दिन करने और दैनिक पारिश्रमिक कम से कम चार सौ रुपए करने की सिफारिश की है, जो प्रासंगिक एवं बढ़ती महंगाई को देखते हुए जरूरी है। दरअसल, अभी इस कार्यक्रम के तहत मिलने वाली मजदूरी न्यूनतम जरूरतें एवं बुनियादी दैनिक खर्चों को पूरा करने के लिए भी अपर्याप्त हैं। मजदूरी वर्तमान आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप हों और ग्रामीण श्रमिकों को सम्मानजनक पारिश्रमिक प्रदान करें। रोजगार योजना के लिए आबंटित राशि में लंबे समय से ठहराव पर समिति की चिंता इसी संदर्भ में है। कोई दो राय नहीं कि इसकी राशि बढ़ने से इसकी प्रभावशीलता बढ़ेगी।

समिति ने कहा, बदलते समय और उभरती चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए योजना में सुधार की आवश्यकता है। समिति मंत्रालय से उन विकल्पों पर विचार करने का आग्रह करती है, जिससे मनरेगा अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं प्रभावी बन सके। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्रामीण विकास योजना को बल देने में सहायक है। हालांकि मनरेगा निरन्तर सवालों से घिरी रही है, इसमें वित्तीय अनियमितता की भी शिकायतें मिलती रही हैं। इसके प्रति श्रमिकों का रुझान घटने और मजदूरी देर से मिलने पर सवाल उठते रहे हैं। ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्रालय की स्थायी समिति ने तीन साल पहले मनरेगा का विश्लेषण करते हुए कई सुझाव दिए थे। तब उस समिति ने भी इस कार्यक्रम को नया रूप देने के लिए काम के गारंटीशुदा दिनों को सौ से बढ़ा कर डेढ़ सौ करने की सिफारिश की थी और सभी राज्यों में समान मजदूरी दर करने का सुझाव दिया था। अब संसद की समिति ने उन सुझावों पर एक तरह से मुहर लगाई है। अगर मनरेगा में नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए स्वतंत्र और पारदर्शी सर्वेक्षण होगा, तो इसके बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

मनरेगा ने अपनी तार्किक सार्थकता साबित की है, लेकिन अभी इसमें व्यापक सुधारों की अपेक्षा है। देखने में आ रहा है मनरेगा से लाभान्वित लोगों को अक्सर बिना काम के ही राशि दी जा रही है, सरकार को इन लोगों की श्रम-शक्ति को देश-विकास के कार्यों में नियोजित करने पर भी ध्यान देना चाहिए। मनरेगा योजना के अन्तर्गत कौशल विकास पर बल दिया जाना चाहिए। योजना भले ही अकुशल श्रमिकों के लिए अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है, लेकिन उन्हें अपने कौशल को विकसित करने और बढ़ाने का अवसर मिलने से यह योजना देश-विकास का माध्यम बन सकती है। वनीकरण, जल संरक्षण और सड़क निर्माण जैसी विभिन्न परियोजनाओं में उनकी भागीदारी से श्रमिकों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा। वे नए कौशल सीख सकते हैं जिनका उपयोग मनरेगा द्वारा प्रदान किए जाने वाले भविष्य के रोजगार अवसरों के लिए किया जाएगा। मनरेगा योजना सड़कों, नहरों, तालाबों और सिंचाई सुविधाओं जैसी परिसंपत्तियों के विकास का समर्थन करते हुए रोजगार प्रदान करें, इस योजना को कनेक्टिविटी, कृषि उत्पादकता, वन-विकास से भी जोड़ा जाना चाहिए ताकि प्राकृतिक संसाधनों को बचाने, पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिल सके। जिससे ग्रामीण जीवन में नए मनुष्य का जन्म होगा। नई पात्रता का निर्माण होगा, जहां हमारी ग्रामीण संस्कृति पुनः अपने मूल्यों, विरासत एवं उपयोगिता के साथ प्रतिष्ठापित होगी।

मनरेगा योजना अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) सहित समाज के हाशिए पर पड़े समूहों को समान पहुँच प्रदान करने पर केंद्रित है। यह सुनिश्चित करता है कि इन कमज़ोर समूहों को रोज़गार तक समान पहुँच मिले और उनके साथ किसी भी तरह का भेदभाव न हो। ताकि एक संतुलित, समानतामूलक एवं आदर्श समाज-व्यवस्था को आकार दिया जा सके। मनरेगा योजना ग्रामीण विकास, गरीबी उन्मूलन, कौशल संवर्धन और पर्यावरणीय स्थिरता में महत्वपूर्ण आयाम बनकर सामने आये। तभी ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाने और भारत में ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापक विकास को अवतरित करने का सूरज उदित हो सकेगा।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

# देश को कमजोर करने वाली नीतियां

सत्ता में काबिज रहने के लिए आम लोगों की जान-माल से किस हद तक खिलवाड़ किया जा सकता है, इसका मौजूदा उदाहरण पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। पश्चिम बंगाल देश का ऐसा अकेला राज्य है जहां वक्फ बोर्ड के विरोध में हिंसा हुई है। वैसे देश के ज्यादातर राज्यों में इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन तक नहीं हुए। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता ने हिंसा के बाद कहा है कि पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून लागू नहीं होगा। ममता बनर्जी का कहना है कि यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है और उन्हीं से इसका जवाब मांगा जाना चाहिए। यह पहला मौका नहीं है जब ममता ने वोट बैंक की खातिर मुस्लिम प्रेम दर्शाया है। इससे पहले भी मुख्यमंत्री ममता सरेआम मुस्लिमों की हिमायत कर चुकी हैं। रोहिंग्या मुसलमानों के मामले में भी ममता ने इसी तरह के प्रेम का इजहार किया था। ममता ने कहा था कि सभी रोहिंग्या आतंकवादी नहीं हैं, जबकि केंद्र सरकार ने संकटग्रस्त समुदाय को निर्वासित करने के अपने रुख पर कायम रहते हुए कहा था कि उनमें से कुछ पाकिस्तानी आतंकवादी समूहों से जुड़े हुए हैं। तब भी ममता ने इनकी पैरवी करते हुए कहा था कि आतंकवादियों और आम लोगों के बीच अंतर होता है। हर समुदाय में अच्छे और बुरे लोग हो सकते हैं, लेकिन एक समुदाय, एक समुदाय होता है।

ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने प्रदेश में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह सख्त कार्रवाई करके जवाब नहीं दिया। यही वजह है कि ऐसे अराजक तत्वों के हौसले पश्चिम बंगाल में बुलंद हैं। पिछले वर्ष रामनवमी पर जुलूस के दौरान हिंसा भडक़ने से करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। इस मामले में भी पश्चिम बंगाल ही सबसे आगे रहा। लखनऊ में मामूली झड़प के अलावा हिंसा की ऐसी वारदातें देश के अन्य हिस्सों में नहीं हुई। पश्चिम बंगाल में सरकार चाहे वामपंथियों की रही हो या अब ममता बनर्जी की हो, यह राज्य हिंसा के लिए अभिशप्त हो गया है। कारण भी स्पष्ट है, सारा संघर्ष सत्ता प्राप्ति का है। देश के ज्यादातर राज्यों में जहां चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होते हैं, वहीं पश्चिम बंगाल का रिकार्ड हिंसा के कारण दागदार बन गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल देश का इकलौता ऐसा राज्य है जहां पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनावों तक जम कर हिंसा होती रही है। पश्चिम बंगाल में वर्ष 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद व्यापक पैमाने पर हिंसा हुई, जब तृणमूल ने भाजपा को हराया था। पश्चिम बंगाल में विधानसभा के चुनावी नतीजों के बाद हिंसा में 12 लोगों की मौत हुई। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद 5 जून को चुनाव बाद हिंसा की घटनाओं में भाजपा और माकपा समर्थकों को निशाना बनाया गया। दक्षिण में उत्तर 24 परगना जिले और दक्षिण 24 परगना तथा राज्य के जंगलमहल क्षेत्र के झारग्राम सहित कई जिलों में चुनाव बाद हिंसा की घटनाएं सामने आईं। पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन सुरक्षा बलों के जाने के बाद उपद्रवी वापस लौट आए और इलाके में तोडफोड़ की। इसी तरह 8 जून 2023 को बंगाल में जिस दिन से पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान हुआ, उसके बाद 15 लोगों की हत्या कर दी गई। वर्ष 2003 में जब यहां पंचायत चुनाव हुए थे, तब 76 लोगों की मौत हुई थी। इनमें से 40 से ज्यादा लोग तो वोटिंग वाले दिन मारे गए थे। वर्ष 2013 और 2018 के चुनाव के समय यहां केंद्रीय बलों की तैनाती भी हुई थी, बावजूद उसके हिंसा नहीं थमी थी।

बीते पांच दशकों में पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा में करीब 30 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। पिछले दो दशकों में सबसे ज्यादा मौतें सिंगुर और नंदीग्राम आंदोलन में हुईं। पश्चिम बंगाल में हिंसा का दौर 1960 के बाद शुरू हुआ। साल 1967 में राज्य में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार आई जिसने 2011 तक करीब 34 साल तक शासन किया। कम्युनिस्ट शासन के दौरान राज्य में राजनीतिक हिंसा में 28 हजार लोग मारे गए। ममता बनर्जी के नेतृत्व में हुए नंदीग्राम और सिंगुर आंदोलन को पश्चिम बंगाल की सरकार ने जिस हिंसात्मक तरीके से दबाया वो कम्युनिस्ट सरकार की सत्ता के ताबूत में आखिरी कील साबित हुई और 34 साल की लेफ्ट सरकार का पतन हुआ। लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब सरकार बदलने के बाद पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा खत्म हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पंचायत चुनाव हो या विधानसभा-लोकसभा चुनाव, पश्चिम बंगाल में हिंसा कम नहीं हुई। इस राज्य में अब बिना किसी चुनाव के भी राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्या और उन पर हमला आम बात हो गई है। पश्चिम बंगाल राजनीतिक और सांप्रदायिक हिंसा के लिए ही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के लिए भी कुख्यात बन चुका है। जितनी बेशर्मी से भ्रष्टाचार और उस पर पर्दादारी इस राज्य में हुई है, उसकी मिसाल देश के दूसरे राज्यों में देखने को नहीं मिलती। टीएमसी के 19 नेताओं पर सीबीआई और ईडी की कार्रवाई चल रही है। शारदा घोटाले और नारद स्टिंग के खुलासे से तृणमूल कांग्रेस की खूब किरकिरी हुई। इसी तरह कोयला और मवेशी तस्करी, राशन घोटाले और सरकारी परियोजनाओं के लिए धन में से कट मनी लेने के आरोपों के बावजूद ममता बनर्जी के तेवरों में कमी नहीं आई। घोटालों की इस कड़ी में शिक्षा घोटाला सुर्खियों में है। चूंकि इसमें प्रदेश के हजारों बेरोजगार जुड़े हैं, इसलिए यह मामला ममता के गले की हड्डी बन गया है। अन्यथा जैसे अन्य घोटालों से ममता सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ा, उसी तरह शिक्षा घोटाले पर नहीं पड़ता। कलकत्ता हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी के साथ 25000 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की पूरी भर्ती प्रक्रिया रद्द कर दी। कोर्ट का कहना है कि घोटाले की जड़ें इतनी गहरी हैं कि दोषियों को निर्दोषों से अलग करना मुमकिन नहीं है। नौकरी गंवाने वाले टीचर इसके विरोध में सडक़ों पर उतर आए। मुख्यमंत्री ममता ने इस फैसले पर खुले तौर पर असहमति जताई। राज्य के शिक्षा मंत्री यहां तक कह गए कि अदालत के फैसले से प्रभावित सभी शिक्षकों को वेतन मिलेगा। मतलब स्पष्ट है कि वोट बैंक की राजनीति इतनी हावी है कि अदालत के निर्णय की अवहेलना करने से भी ममता सरकार को गुरेज नहीं है।

हिंसा और घोटाले ही पश्चिम बंगाल की पहचान नहीं बन चुके, बल्कि राज्य की सरकारी मशीनरी भी पूरी तरह जंग खा चुकी है। कोलकाता के आरजी अस्पताल में महिला चिकित्सक से बलात्कार के बाद हत्या इसका उदाहरण है। इस मामले में अदालत ने पुलिस कार्रवाई पर कड़ी टिप्पणी की। देश में कानून व्यवस्था के मामले में कर्नाटक नंबर वन है जबकि पश्चिम बंगाल ऐसा राज्य है जो पुलिस, ज्यूडिशियरी, जरूरतमंदों को कानूनी मदद मुहैया कराने, कैदियों के लिए बेहतर इंतजाम के मोर्चे पर सबसे पिछले पायदान पर खड़ा है। यह बात इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 में कही गई है। इसके बावजूद ममता सरकार की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ा। राज्य के हालात में सुधार के लिए कोई घोषणा तक नहीं की गई। बात-बात पर केंद्र सरकार से टकराहट मोल लेने की ममता की प्रवृत्ति इस बात की तरफ इशारा करती है कि पश्चिम बंगाल मानो कोई अलग देश है। राजनीतिक क्षुद्र स्वार्थों के लिए यदि ऐसी ही प्रवृत्ति दूसरे राज्यों की सरकारों ने भी अपना ली तो इस तरह का रवैया देश के संघीय ढांचे को कमजोर करेगा। बेहतर होगा कि ऐसी क्षेत्रीय समस्याओं का मिल-बैठ कर कानून के दायरे में समाधान ढूंढा जाना चाहिए। इस राज्य में शांति बहाली पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

**-योगेंद्र योगी, स्वतंत्र लेखक**

# राशिफल

**बैशाख कृष्ण पक्ष अष्टमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यवसायिक सफलता मिलेगी। कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार। प्रेम, संतान बहुत अच्छा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भाग्य साथ देगा। यात्रा का योग बनेगा। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य थोड़ा सुधार की तरफ।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
परेशानियों का समय है। कोई रिस्क मत लीजिएगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान भी मध्यम रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भावुक होकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू मैं-मैं से बचें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भूमि, भवन और वाहन की खरीदारी का योग बनेगा। भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि होगी लेकिन गृह कलह का भी संकेत है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान अच्छा है, व्यापार अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
प्रेम में तू तू मैं मैं से बचें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। धनार्जन होता रहेगा लेकिन निवेश अभी वर्जित रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ। व्यापार अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। अनाब शनाब खर्च होंगे। स्वास्थ्य प्रभावित रहेगा। प्रेम, संतान भी मध्यम है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। पुराने स्त्रोत से भी पैसे आएंगे। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान अच्छा।

# भाजपा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में किया गोष्ठी का आयोजन



**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्ध नगर द्वारा संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अभिनव प्रकाश उपस्थित रहे।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. अभिनव प्रकाश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहेब के सपनों को साकार करने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किया है। बाबा साहेब से जुड़े पाँच पवित्र स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर उन्हें राष्ट्रीय सम्मान दिया गया है। ये स्थल हैं ङ्क महू (मध्य प्रदेश) में जन्मभूमि, लंदन में अम्बेडकर मेमोरियल (शिक्षा भूमि), नागपुर (महाराष्ट्र) में दीक्षा भूमि, मुंबई में चैत्य भूमि और दिल्ली में महापरिनिर्वाण भूमि।

डॉ. प्रकाश ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को कभी वह सम्मान नहीं दिया जिसके वे हकदार थे। उन्होंने बताया कि अंतरिम सरकार में श्रम मंत्री के रूप में शामिल होने के बाद भी बाबा साहेब को इस्तीफा देने को मजबूर किया गया। 1952 के लोकसभा चुनाव में उनके साथ हुई धांधली का भी उन्होंने उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने भी बाबा साहेब को एक विशेष वर्ग तक सीमित कर वोट बैंक की राजनीति की, जबकि भाजपा अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक उनके विचारों को पहुंचा रही है।

इस अवसर पर ज़िला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब को घर-घर पहुँचाने का कार्य किया है। 14 अप्रैल को उनकी जयंती पर हर बूथ स्तर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम, गोष्ठियाँ और पंचतीर्थ स्थलों का निर्माण भाजपा की ओर से उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है।

दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर ने कहा कि बाबा साहेब ने वंचित, शोषित, पीड़ित और गरीबों के लिए आजीवन संघर्ष किया और उनके अधिकारों की रक्षा की। भाजपा उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर उनके मिशन को आगे बढ़ा रही है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुभाष भाटी, विजय गौतम, जिला उपाध्यक्ष देवा भाटी, सतेन्द्र नागर, जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, पवन नागर, मीडिया प्रभारी मनोज गर्ग, सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी, धर्मेन्द्र भाटी, अजय निगम, रवि जिन्दल, अर्पित तिवारी, मनोज भाटी, राजीव सिंघल, ओमदत्त गौतम, राजवीर गौतम, पटवारी ओमकार भाटी, आनंद भाटी, वीरेन्द्र भाटी, जीतेंद्र भाटी, रजनी तोमर, महेश शर्मा, गुरुदेव भाटी, विकास चौधरी, अमित पंडित, चंद्रमणि भारद्वाज, अनीता गौतम, गीता सागर, राजेश ठेकेदार, सुनील सौनक, मुकेश चौहान, श्याम रावत, मनोज प्रधान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं अनुसूचित वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

# जनवादी महिला समिति का त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन सम्पन्न



**नोएडा (चेतना मंच)।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति, गौतम बुद्ध नगर कमेटी का त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन बरौला, सेक्टर-49 स्थित सामुदायिक केंद्र में महिला नेत्री लता सिंह, रेखा चौहान और गुलपशा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सम्मेलन की जानकारी देते हुए समिति की जिला प्रभारी आशा यादव ने बताया कि सम्मेलन में बीते तीन वर्षों के कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी तीन वर्षों के लिए कार्ययोजना एवं दिशा तय की गई। साथ ही नई जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमें रेखा चौहान को अध्यक्ष, पिंकी देवी और गुलपशा को उपाध्यक्ष, चंदा बेगम को सचिव, किरण यादव और शोभा देवी को सहसचिव, गुड़िया देवी को कोषाध्यक्ष, तथा मेहंदी, सुनीता, पूनम और बबीता को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

सम्मेलन की शुरुआत वरिष्ठ महिला नेत्री लता सिंह द्वारा ध्वजारोहण एवं शहीद वेदी पर पुष्प अर्पण के साथ हुई। उद्घाटन भाषण जनवादी महिला समिति, दिल्ली-एनसीआर राज्य की महासचिव कॉमरेड आशा शर्मा ने दिया तथा समापन भाषण सचिव मंडल सदस्य साहिब फारूकी ने प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त सचिव मंडल सदस्य कविता शर्मा ने विभिन्न जन मुद्दों पर अपने विचार रखे।

जिला सचिव चंदा बेगम ने सम्मेलन के समक्ष कार्यों की रिपोर्ट एवं आगामी योजनाएं प्रस्तुत कीं, जिस पर दर्जनों महिला कार्यकर्ताओं ने चर्चा करते हुए अपने सुझाव और विचार साझा किए। सम्मेलन में महिला हिंसा/उत्पीड़न, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, राशन और आवास जैसे जन मुद्दों पर संघर्ष तेज करने के प्रस्ताव पारित किए गए।

सम्मेलन का संचालन जिला प्रभारी आशा यादव ने किया। इस अवसर पर सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, जिला कमेटी के नेता मुकेश कुमार, रामस्वारथ, भरत डेंजर, किसान परिषद की नेता बबली शर्मा, किसान सभा जिलाध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा तथा किसान नेता गवरी मुखिया, सतीश यादव, वीर सिंह नेताजी, सुशील प्रधान और मुकेश कुमार सहित कई नेताओं ने बधाई संदेश भेजे। सम्मेलन का समापन संगठन को मजबूत करने और जन मुद्दों पर संघर्षों को तेज करने के संकल्प के साथ हुआ।

# बाइक सवार को 100 मीटर तक घसीटा, मौत

**नोएडा।** हिंडन पुल के पास रविवार तड़के तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को सौ मीटर तक घसीटा। बाइक सवार को गंभीर हालत में सेक्टर-62 के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। बाइक सवार की शिनाख्त गाजियाबार के विजय नगर निवासी रोहित कुमार (40) के रूप में हुई है। हादसे के वक्त रोहित ने हेलमेट पहन रखा था। कोतवाली सेक्टर-63 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में अभी परिजनों ने पुलिस से कोई शिकायत नहीं की है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक रोहित कुमार भाई मोहित के साथ मिलकर गाड़ी चलाते थे। उनकी गाड़ी दस साल से साहिबाबाद के पत्थर मार्केट में चलती है और वहां रात को गाड़ी में पत्थर लोड होता है। रोज की तरह रोहित रविवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे अपनी बाइक से घर से निकले। .हिंडन पुल के पास तेज रफ्तार वाहन ने रोहित की बाइक में टक्कर मार दी।

वाहन बाइक समेत रोहित को 100 मीटर तक घसीटता चला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रोहित को फोर्टिस अस्पताल पहुंचाया। वहां पर उपचार के दौरान चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। रोहित शादीशुदा थे और उनका एक साल का बेटा है। उनके पिता की दो माह पहले ही बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# बाराही मेला बना संगीत, संस्कृति और श्रद्धा का संगम





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बाराही मेला-2025 सूरजपुर के सांस्कृतिक इतिहास में एक संगीतमय, रंगारंग और भावनात्मक संध्या के रूप में दर्ज हो गया। धार्मिकता, सांस्कृतिक गौरव और लोक कला की त्रिवेणी ने इस दिन को अविस्मरणीय बना दिया। सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुतियों ने दर्शकों के मन को न केवल जोड़ा, बल्कि उनकी आत्मा को भी झकझोर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत पवन फौजी एंड पार्टी की धमाकेदार प्रस्तुति से हुई, जिसमें धार्मिक प्रसंगों, सवाल-जवाब शैली की चुटीली रागिनियाँ और ऐतिहासिक-सामाजिक भावनाओं से लबरेज़ प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

अनुराधा शर्मा, पवन डागर, टीना पटौदी, रिंकू चौधरी और पवन फौजी ने ध्रुव की सौतेली माँ, राजा उत्तानपाद, पत्नी और शराबी पति, बागड़ी-चौधरी, लीलो और चमन जैसे सामाजिक व पारंपरिक विषयों पर आधारित रागिनियाँ अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत कीं। विशेषकर पवन डागर द्वारा प्रस्तुत रागिनी हे रे अभिमन्यु तेरी विजय हुई ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं।

करिश्मा प्रजापति ने अपने मोहक नृत्य से समां बांधा, वहीं टीना पटौदी और रिंकू चौधरी ने लुहार-लुहारी किस्से पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीण जनजीवन की जीवंत झलक पेश की।

ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल, सूरजपुर के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गीत-संगीत से सभी का दिल जीत लिया। वहीं मेरठ से पधारीं शिवानी और दिव्या ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

ओमवीर बैसला, नरेंद्र शर्मा एंड पार्टी के कलाकारों ने सूरजगढ़ का बना सूरजपुर... जैसी रचनाओं से मेला स्थल को सांस्कृतिक ऊर्जा से भर दिया।

शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा मंच पर लाए गए बहुआयामी कलाकार प्रलय किशोर ने जब बाजे घुंघरू बांध मीरा नाची... गीत प्रस्तुत किया तो पूरे मंच पर संगीत की मस्ती छा गई। समिति अध्यक्ष धर्मपाल भाटी ने उन्हें शिव मंदिर सेवा समिति का कोहिनूर हीरा कलाकार की उपाधि देकर सम्मानित किया। मेला चित्रांकन हेतु बबली पेंटर को तथा बच्चों को उनकी सुंदर प्रस्तुति के लिए माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने जानकारी दी कि आज सांस्कृतिक मंच पर कुमारी सक्कू राजस्थानी, सरिता कश्यप एंड पार्टी के कलाकारों सुंदर जिनाई, मोनू गुर्जर, नानक चंद शर्मा और अन्नु चौधरी—द्वारा रागिनी प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही, भारतीय पब्लिक स्कूल, सूरजपुर के बच्चों द्वारा गीत-संगीत की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**नोएडा (चेतना मंच)।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा नोएडा महानगर के सेक्टर 63 से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-ताशों और डीजे की ध्वनि के बीच इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता ने इस आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

शोभायात्रा का मंच संचालन महानगर मंत्री दिनेश महावर ने किया। यात्रा का समापन सेक्टर 34 स्थित श्रीराम हनुमान मंदिर में हुआ, जहां जिला कोषाध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी की अगुवाई में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सभी सनातनियों और बजरंगियों को स्वादिष्ट प्रसाद वितरित किया गया।

शोभायात्रा में विशेष रूप से हनुमान जी की भव्य मूर्ति को आकर्षक रूप से सजाया गया था। यात्रा का मुख्य आकर्षण श्रीराम रथ यात्रा और लव जिहाद विषयक झांकी रही, जिसने श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम जनता का भी ध्यान खींचा।

शोभायात्रा के मद्देनज़र नोएडा पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरे मार्ग पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई और ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से यात्रा पर निगरानी रखी गई।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा, यह शोभायात्रा हिंदुओं को एकजुट करने और समाज में एकता का संदेश देने के उद्देश्य से निकाली गई है। 'एक रहो, सेफ रहो' का नारा आज के समय में बहुत जरूरी है।

कार्यक्रम में प्रांत मंत्री राजकुमार डूंगर (मेरठ प्रांत), कार्यक्रम अध्यक्ष प्रमोद चौहान (चेयरमैन, एनएस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स), विशिष्ट अतिथि गौरव महरोत्रा व राजेश कुमार खुराना समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

शोभायात्रा में नोएडा महानगर अध्यक्ष व प्रांत उपाध्यक्ष छाया सिंह, विभाग मंत्री ललित, कोषाध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, बजरंग दल संयोजक सुमित, सह मंत्री राजीव शर्मा, धर्म प्रसार प्रमुख जितेंद्र, विधि प्रकोष्ठ प्रमुख विपुल जौहरी, प्रचार प्रमुख राहुल दुबे सहित बजरंग दल और विहिप के कई पदाधिकारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। महानगर की सभी प्रखंड एवं खंड समितियों के साथ हजारों कार्यकर्ता इस शोभायात्रा में सम्मिलित हुए।








**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू.पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

## पृष्ठ एक के शेष....

**'राष्ट्रपति को कैसे...**

बीजेपी के कई नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर आपत्ति दर्ज की थी। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर सर्वोच्च न्यायालय ही सारे फैसले करेगा तो संसद भवन को बंद कर देना चाहिए। निशिकांत दुबे के इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया। कई विपक्षी नेताओं ने निशिकांत के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**स्केटिंग कोच की...**

दौरान आशीष नामक कोच ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी तभी आशीष के साथ शुभम और निखिल नामक युवकों ने उनके साथ मारपीट की और उनके सिर पर कड़ा मारा। यह सब स्केटिंग फैडरेशन के बड़े अधिकारियों के सामने हुआ। उन्होंने इस मामले में चौकी में शिकायत की है। पुलिस ने उन्हें थाना सेक्टर-24 में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है।

**भांजे के इश्क में...**

पुलिस जांच में सामने आया है कि पत्नी ने नौशाद के सिर पर धारदार हथियार से वार करके हत्या की थी. इसके बाद शव को ट्रॉली बैग में भरकर घटनास्थल से लगभग 60 किलोमीटर दूर थाना तरकुलवा के पकड़ी पटखौली के समीप गेहूं के कट चुके खाली खेत में फेंक दिया। थाना मईल क्षेत्र के भटौली गांव निवासी नौशाद ने गांव के बाहर अपना मकान बनवाया था। जहां 9 वर्षीय बेटी, पत्नी और बूढ़े पिता अली अहमद रहते हैं।

नौशाद सऊदी अरब में नौकरी करता था और दस दिन पूर्व ही गांव लौटा था. हत्या के बाद जिस ट्रॉली बैग में शव को भरकर फेंका गया था, उसे नौशाद सऊदी से लाया था. हत्या के बाद पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर शव को 60 किलोमीटर दूर फेंका था। ट्रॉफी में भरकर शव को फेंकने के लिए चार पहिया वाहन का इस्तेमाल किया गया था।

**अनुराग कश्यप की टिप्पणी ...**

गिरीश मिश्रा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस प्रशासन से अनुराग कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

गिरीश मिश्रा ने कहा कि अनुराग कश्यप सार्वजानिक माफी मांगें या कार्यवाही के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि यदि अनुराग कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो ब्राह्मण समाज सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होगा जिसकी जिम्मेदारी पुलिस व प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर ब्राह्मण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष- गिरीश मिश्रा उपाध्यक्ष- के के मिश्रा,रामनारायण पाण्डेय,राजेश शुक्ला,राजीव रंजन द्विवेदी, लक्ष्मण प्रधान, अक्षय द्विवेदी, मनीष पाण्डेय, हरेराम शास्त्री,लोकेश, अरुण आदि उपस्थिति रहे।

**एक्वा मेट्रो के संचालन ...**

प्रारंभिक तौर पर पता चला कि सिग्नलिंग में कुछ परेशानी के कारण ट्रेनों के संचालन में कुछ दिक्कत आई। डिपो से ही ट्रेनों के संचालन में दिक्कत आ रही है।

लेकिन 11 बजे तक ट्रेनों का संचालन सामान्य हो गया। जांच के बाद असली वजह का पता चल सकेगा।

डिपो स्टेशन से सेक्टर-51 की ओर जाने वाली मेट्रो लाइन के कई स्टेशनों पर मेट्रो के परिचालन पर इसका असर दिखाई दिया। परिचौक, सेक्टर-148, सेक्टर-143, सेक्टर-142, सेक्टर-137 सहित अन्य स्टेशनों पर मेट्रो को पांच मिनट से अधिक समय तक रोका गया जिससे ऑफिस जाने वाले लोगों को परेशानी हुई। एक्वा मेट्रो के रेगुलर प्लेटफार्म पर मेट्रो का संचालन नहीं हुआ। मेट्रो को दूसरे प्लेटफार्म पर लाया गया जिस वजह से स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ रही।

**वायु प्रदूषण से निजात...**

सुबह और शाम चलने वाले इस मिस्ट स्प्रे में 90 सेंकेड तक फुहार छोड़ी जाती है, फिर 60 सेंकेड के लिए बंद हो जाता है। इसी प्रकार से बारी-बारी से यह चलता रहता है। बता दें धूल के प्रदूषण कम करने के लिए फिलहाल मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों के साथ एंटी स्मॉग गन का उपयोग पानी के छिड़काव के लिए किया जाता है। इस पर खर्च होता है। यह परियोजना सफल होती है तो इससे ईंधन और वाहनों की खरीद पर खर्च कम हो जाएगा।

इसे पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर लगाया गया है। अभी एक स्ट्रैच पर लगाया गया है। इसके बाद दूसरा स्ट्रैच लगाया जाएगा। इसको लगाने में करीब 50 लाख का खर्च हो रहा है। एक बार परीक्षण सफल होने पर इसको शहर की मुख्य सड़कों पर लगाया जाएगा।




# विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल ने हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा





**नोएडा ( चेतना मंच )।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा नोएडा महानगर के सेक्टर 63ए से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-ताशे और डीजे की गूंज के साथ यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंच संचालन महानगर मंत्री दिनेश महावर ने किया. शोभायात्रा में हनुमान जी की भव्य मूर्ति को विशेष रूप से सजाया गया था।

इस शोभायात्रा का सबसे चर्चित आकर्षण रथ यात्रा श्रीराम जी झांकी और लव जिहाद की झांकी रही, जिसने श्रद्धालुओं और आम जनता का ध्यान आकर्षित किया। शोभायात्रा के दौरान नोएडा पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। जगह-जगह भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी और पूरे मार्ग पर निगरानी रखी जा रही थी।

विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल के मेरठ प्रांत के अधिकारी भी इस आयोजन में शामिल हुए। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि, 'यह शोभायात्रा हिंदुओं को एकजुट करने और समाज में एकजुटता का संदेश देने के उद्देश्य से निकाली गई है। 'एक रहो, सेफ रहो' का नारा आज के समय में बहुत आवश्यक है।'

मुख्य वक्ता विनोद बंसल राष्ट्रीय प्रवक्ता विश्व हिंदू परिषद एवं प्रान्त मंत्री राजकुमार डूंगर मेरठ प्रान्त, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रमोद चौहान चेयरमैन एनएस स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स एंव समाजसेवी,विशिष्ट अतिथी गौरव महरोत्रा समाजसेवी व व्यवसायी, अतिथी राजेश कुमार खुराना समाजसेवी रहे।

नोएडा महानगर अध्यक्ष एवं प्रांत उपाध्यक्ष छाया सिंह, विभाग मंत्री ललित, जिला मंत्री दिनेश महावर, बजरंग दल संयोजक श्रीमान सुमित जी उपाध्यक्ष सत्यवीर, अनुराधा सक्सेना, महानगर सह मंत्री राजीव शर्मा, प्रवेश, महानगर मठ मंदिर प्रमुख विनोद चौहान, धर्म प्रसार प्रमुख जितेंद्र , विधि प्रकोष्ठ प्रमुख विपुल जौहरी, नितेश, प्रचार प्रसार राहुल दुबे मौजूद रहे व नोएडा महानगर के हिन्दू समाज व सभी प्रखण्ड , खण्ड समिति उपस्थित रही साथ ही हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सेक्टर-46 के होटल में लगी भीषण आग, मशक्कत के बाद काबू पाया



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-46 स्थित स्वास्तिक होटल में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। बता दें कि होटल की दूसरी मंजिल पर लगे एसी में अचानक ब्लास्ट हो गया, जिससे देखते ही देखते आग फैल गई। घटना के वक्त होटल के अंदर मौजूद 15 लोग आग में फंस गए।

चीफ फायर ऑफिसर के मुताबिक कंट्रोल रूम से रविवार सुबह साढ़े चार बजे सेक्टर-46 स्थित एक भवन में आग लगने की जानकारी मिली। फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियों और हाइड्रोलिक वाहन को मौके पर भेजा गया। फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची तो दूसरी मंजिल पर होटल के एक हिस्से में ठहरने के लिए बने कमरे में आग लगी थी। आग से खुद को बचाने के लिए करीब 15 लोग छत पर चढ़े हुए थे। इनमें अधिकतर होटल के कर्मचारी थे।

फायर ब्रिगेड की एक टीम आग पर काबू पाने में जुट गई, जबकि दूसरी टीम ने फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। फायर कर्मियों ने एक गाड़ी से पानी की बौछार कर लगभग 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। वहीं जांच में सामने आया है कि एसी में धमाका होने से आग लगी थी।

बता दें कि होटल में ब्लास्ट होने से पहले लोग सोए हुए थे। ब्लास्ट की सुनकर लोग जग गए और सहम गए। इसके बाद लगी आग ने लोगों के होश उड़ा दिए। लोग खुद को बचाने के लिए छत पर भाग गए। इसी दौरान नजदीकी थाने और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दे दी गई। आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए। करीब 20 मिनट में फायर की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। गनीमत रही कि आग का दायरा नहीं बढ़ा वरना अधिक नुकसान हो सकता था। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# ईडी की जांच में नोएडा प्राधिकरण के पूर्व अधिकारी घिरे, करोड़ों का हेरफेर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** हैसिंडा प्रोजेक्ट्स की सेक्टर-107 स्थित लोटस 300 सोसाइटी में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में नोएडा प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारी घिर रहे हैं। पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह के ठिकानों पर छापेमारी व पूछताछ के बाद ईडी ने पूर्व सीईओ रमारमण को भी जांच के दायरे में ले लिया है। लखनऊ में कई घंटे पूछताछ हुई है तथा उनको दूसरा नोटिस जारी किया गया है।

ईडी सूत्रों की मानें तो अब तक की जांच में परियोजना में फंड डायवर्जन साफ हो चुका है। अब आगे फ्लैट खरीदारों व जमीन बेचकर जो 190 करोड़ रुपये निकाले गए उनका पता लगाया जा रहा है। तस्वीर तकरीबन साफ हो गई है कि अगर प्राधिकरण के तत्कालीन अधिकारी हैसिंडा प्रोजेक्ट्स प्रा.लि. पर मेहरबान न होते तो फंड डायवर्जन आसान नहीं था। आगे जांच में एक और पूर्व सीईओ व दो प्लानिंग विभाग के अधिकारियों के नाम आ रहे हैं।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद लोटस-300 सोसाइटी परियोजना में फंड डायवर्जन की जांच ईडी ने मई 2024 में शुरू की थी। जांच में सामने आया है कि हैसिंडा प्रोजेक्ट्स प्रा.लि. के नाम पर 69,942 वर्गमीटर जमीन अथॉरिटी से आवंटित की गई। इसमें से 27, 942 वर्ग मीटर जमीन हैसिंडा प्रोजेक्ट्स ने सहयोगी कंपनी थी सी रियल्टर्स को 2 फरवरी 2012 को बेची। तब इसको अनुमानित कीमत करीब 236 करोड़ रुपये थी। नोएडा प्राधिकरण को जमीन का बकाया नहीं दिया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने जमीन की इस बिक्री को मंजूरी ही नहीं दी, बल्कि बची जमीन पर बकाया मिले बगैर संशोधित लेआउट भी पास कर दिया। इस मूक सहमति से बिल्डर फेड डायवर्जन करने में कामयाब रहे। लोटस 300 परियोजना में फ्लैट खरीदारों जमीन बेचने से आया पैसा डायवर्ट होने से परियोजना फंसी। फ्लैट खरीदारों को भटकना पड़ा। ईओडब्ल्यू व अन्य जांच के आधार पर निदेशालय ने तय किया है कि इस तरह बिल्डर कंपनी और उसके निदेशकों ने आपराधिक षड़यंत्र करते हुए निवेशकों से मिले 190 करोड़ रुपये का फंड भी डायवर्ट कर दिए। ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट को पूरा न हो पाने की स्थिति में छोड़ दिया।

लोटस 300 सोसाइटी केटरी रजिस्ट्री के लिए हाईकोर्ट पहुंचे थे। पक्ष रखने पर हाईकोर्ट ने पूरा प्रकरण 20 फरभी 2024 को उदाहरण है। इसके साथ ही नोएडा प्राधिकरण को फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री कराने और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जांच खरीदारों के कर परियोजना में खरीदारों के पैसे का पता लगाने को कहा था। इसके बाद इंडी ने छापेमारी यह और जांच शुरू की। प्रकरण सुप्रीम कोर्ट गया, यहां से बिल्डरों को आखिर में कोई राहत नहीं मिली थी। इसके बाद से ईडी की जांच जारी है।

# नोएडा ब्लू कब्स फुटबॉल लीग में छोटे खिलाडियों ने दिखाया दमखम



**नोएडा ( चेतना मंच )।** ज्ञानश्री स्कूल सेक्टर-127 नोएडा मे फुटबॉल एसोशिएशन गौतमबुद्धनगर के द्वारा नोएडा ब्लू कब्स फुटबॉल लिग का शुभारंभ किया गया, जिसमे नन्हे खिलाडियों ने अपने खेल का हुनर दिखाया। जिसमे एफसी नोएडा फायर ने प्रोमेथेउस नोएडा से 2-1 से जीता, इंडस् लिगा ने मैजिक फिट से 3-0 से जीता, एफसी नोएडा बोल्ड ने टीएनएमएफसी से 2-1 से जीता, ज्ञानश्री स्कूल नोएडा और कोलकाता ड्रीम फाउंडेशन का मैच 2-2 ड्रॉ रहा, डीपीएस नोएडा ने दिशा फुटबॉल अकादमी को 6-0 से हराया।

फुटबॉल एसोशिएशन् के सचिव वाजिद अली ने ज्ञानश्री स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती प्रियंका भटकोटि एवं स्पोर्ट्स डिरेक्टर ए के बंसल का धन्यवाद व्यक्त किया जिन्होंने इतने कम समय मे इस आयोजन को शुरू करने के लिए सारी सुविधा मुहैया कराई, ब्लू कब्स लिग आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन का ग्रासरूट प्रोग्राम है जिसके तहत छोटे बच्चो मे फुटबॉल के प्रति रुचि पैदा करना है ।

इस मौके पे फुटबॉल एसोशिएशन् के सह सचिव धीरेंद्र सिंह और ज्ञानश्री स्कूल के H.O.D स्पोर्ट्स मुकेश बिशनोई जी मौजूद थें।

# छात्रों को पुस्तकें, स्टेशनरी व छात्रवृत्रियां की वितरित



**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्यारेलाल भवन, नई दिल्ली में आयोजित स्वर्ण जयन्ती वर्ष के अंतर्गत 50वें वार्षिक नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी व छात्रवृत्तियां वितरण कार्यक्रम मे साधनहीन विद्यार्थियों की मदद की गई। समारोह का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि पार्षद अल्का राघव ने परिषद द्वारा गत 50 वर्षो से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि परिषद देश के अनेकों राज्यों मे दिव्यांग कैम्प लगाकर दिव्यांगजनों को कृत्रिम हाथ व पैर आदि उपलब्ध कराकर प्रशंसनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन (मनोनीत निगम पार्षद)की। परिषद के महासचिव अशोक जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथिगण मोती मेहता, पूर्व न्यायाधीश सुभाष चंद्र जैन, धानुका एग्रीटेक के चेयरमैन महेन्द्र कुमार धानुका, वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र भारद्वाज, उद्योपति अजीत प्रसादजैन, सतीश जैन माटा, बीकानो से किशन अग्रवाल, प्रमोद जैन कागजी, संगठन सचिव राकेश जैन, सहसचिव आलोक जैन, राम किशोर शर्मा, रविन्द्र कुमार जैन, अनिल जैन, राम औतार शर्मा विक्रम सेठी आदि का आभार व्यक्त किया।




# लायंस इंटरनेशनल मे गवर्नर के चुनाव को हुए नामांकन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** लायंस इंटरनेशनल जिला 321C1 मे गवर्नर के चुनाव का बिगुल नोएडा से बजा, प्रत्याक्षियों ने अपने नामांकन पत्र भरे। PMJF डॉ लायन विनय सिसोदिया जोकि नोएडा शहर से ही हैं, ने अपना नामांकन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पद हेतु किया, साथ ही लायन सीए आदित्य गुप्ता ने FVDG और लायन नवनीत अग्रवाल ने SVDG के लिए अपने नामांकन पत्र SVDGलायन सीए विनय मित्तल एरिया लीडर ID(E) लायंस इंटरनेशनल की अध्यक्षता में संयोजित नॉमिनेशन कार्यक्रम मे SVDG लायन एके मित्तल व SVDG लायन पंकज बिजलवान (MCC) को प्रस्तुत किये।

कलब 27 सैक्टर 27 नौएडा मे एक विशेष कार्यक्रम मे लायंस क्लब नौएडा एलीट से अध्यक्ष लायन कपिल शर्मा, सचिव पूनम शर्मा, लायन शशि सिसोदिया, लायन संजीव गुप्ता, लायन विक्रम अग्रवाल, लायन रीना शर्मा-लिओ चेयरपर्सन, लायन संजीव शर्मा जोन चेयरपर्सन लायन पिंकी गुप्ता, लायन कुशल वार्ष्णेय व एलसी नौएडा से रचना यादव-रीजन चेयरपर्सन, लायन डा निमेश, लायन लीना चौहान, लायन पूनम व उमेश गुप्ता आदि व अन्य शहरो - गाजियाबाद, हापुड, मेरठ, ग्रेटर नौएडा क्लब्स से आए हुए लायन साथियो ने उपस्थित होकर प्रोत्साहन व शुभकामनाए दी।

लायंस इंटरनेशनल विश्व प्रसिद्ध संस्था है। एक ऐसी संस्था के लिए शहर से आदमी का चयन होना जो की सामाजिक स्तर पर अच्छे कार्यों में सहभागिता निभाने के लिए तत्पर रहे। गौतम बुद्ध नगर शहर के लिए भी गर्व की बात है। लायन डा विनय सिसोदिया ने आए हुए सभी अतिथियो व अधिकारियो का आभार व्यक्त किया।

## खास खबर

### बांग्लादेश में नेता की पीट-पीटकर हत्या

**ढाका** । बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने एक बड़े हिंदू नेता की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाबेश चंद्र रॉय (58) को गुरुवार दोपहर को उनके घर से किडनैप किया गया और पीट-पीटकर मार डाला गया। वे बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वे ढाका से कुछ 330 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे। भाबेश चंद्र रॉय की पत्नी शांतना ने बताया कि गुरुवार को करीब 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था। फोन करने वाला सिर्फ यह जानना चाहता था कि भाबेश घर पर हैं या नहीं। इसके करीब आधे घंटे बाद दो बाइक पर सवार चार लोग उनके घर आए और भाबेश को जबरदस्ती उठाकर ले गए। चश्मदीदों के मुताबिक, उन्हें पास के नराबाड़ी गांव ले जाया गया और वहां बेरहमी से पीटा गया। गुरुवार शाम को ही हमलावरों ने भाबेश को बेहोश हालत में वैन से उनके घर भिजवा दिया। पहले उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, फिर दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम ने रोकीं कई उड़ानें

**श्रीनगर**। कश्मीर घाटी में खराब मौसम के कारण शनिवार को छह उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता और दिल्ली से आने वाली इंडिगो की तीन उड़ानें रद्द कर दी गईं जिसके परिणामस्वरूप उनकी प्रस्थान उड़ानें भी रद्द की गईं। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के कारण इंडिगो ने श्रीनगर से जम्मू जाने वाली उड़ान भी रद्द कर दीं। अधिकारियों ने बताया कि स्पाइसजेट ने शाम को जाने वाली दो उड़ानें रद्द कर दीं। उन्होंने बताया कि कुछ अन्य उड़ानें भी विलंबित रहीं। इस बीच, जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के एक सुदूर गांव में खराब मौसम का असर दिखा और शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक महिला घायल है। पिछले 24 घंटों में कश्मीर के ज्यादातर हिस्सों में आकाशीय बिजली कड़कने और गरज के साथ बारिश हुई है जिससे जनजीवन पर असर पड़ा।

### पंचकल्याण महोत्सव शुरू, दिन भर चले धार्मिक कार्यक्रम

**अजमेर**। अजमेर में जैसवाल जैन समाज द्वारा निर्मित श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र में 41 साधु-साध्वियों के सानिध्य में पंचकल्याणक महोत्सव शुरू हुआ। देशभर से धर्मावलम्बी यहां आ रहे हैं। पहले दिन सुबह देव आज्ञा, गुरु आज्ञा, प्रतिष्ठाचार्य निमंत्रण के बाद घटयात्रा निकाली गई। इसके बाद ध्वजारोहण समाज के लोगों की मौजूदगी में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने किया। मण्डप उ?द्घाटन, वेदी शुद्धि के साथ जप शुरू हुआ। आचार्यश्री का मंगल प्रवचन हुए। इसके बाद नित्य नियम पूजा, सकलीकरण, इन्द्र प्रतिष्ठा नान्दी विधान, मण्डप प्रतिष्ठा के कार्यक्रम हुए। दोपहर बाद को यागमण्डल विधान, सीमंतनी क्रिया होंगे। पंचकल्याणक महोत्सव के तहत 25 अप्रैल तक कई धार्मिक कार्यक्रम के साथ शोभायात्रा व जूलूस निकलेंगे।

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से 3 की मौत

## श्रीनगर हाईवे बंद, मलबे में दबे घर और गाड़ियां, चारों तरफ तबाही का मंजर

एजेंसी

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार सुबह भारी बारिश के बाद बादल फट गया। बादल फटने से अब तक तीन लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है। यह हादसा रामबन के सेरी बागना इलाके में हुआ, जहां अचानक आई बाढ़ और पहाड़ी मलबे ने कई घरों और लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। राहत और बचाव कार्य जारी है और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर तैनात हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, भारी बारिश के चलते पहाड़ों से मलबा गांव की तरफ बह गया, जिससे कई मकान और वाहन मलबे में दब गए।



हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासन ने आपात स्थिति घोषित कर दी है। इसी बीच रामबन के बनिहाल क्षेत्र में भी कई जगह लैंडस्लाइड होने की खबर है। लैंडस्लाइड से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को एहतियातन बंद करना पड़ा है। हाईवे पर सैकड़ों वाहन जाम में फंसे हुए हैं। इसके अलावा किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी भूस्खलन के कारण बंद कर दिया गया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि मौसम साफ होने तक अनावश्यक यात्रा न करें।

घटनास्थल के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिनमें पहाड़ से मलबा गिरते हुए साफ देखा जा सकता है। इन वीडियो में कुछ टैंकर और अन्य वाहन मलबे में पूरी तरह दबे हुए दिखाई दिए हैं। कुछ होटल और घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# हाईकोर्ट की केंद्र सरकार और बीमा कंपनियों को चेतावनी

एजेंसी

**नई दिल्ली** । बीमारी के बाद राहत की उम्मीद लिए अस्पताल से छुट्टी लेने जा रहे मरीजों को अक्सर एक और मानसिक जंग लड़नी पड़ती है बीमा कंपनियों और अस्पतालों के बीच लटकते बिल का भुगतान। इसी समस्या को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को सख्त निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने दोनों को आदेश दिया है कि वे बीमा कंपनियों, मेडिकल काउंसिल और बीमा नियामक प्राधिकरण (आईआरडीए) के साथ समन्वय बनाकर मेडिकल बिलों के निपटारे की प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाएं। दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा यह कोई अनजाना दर्द नहीं है बल्कि एक आम सच्चाई है कि इलाज से उबरते ही मरीज और उनके परिजन एक नई मानसिक पीड़ा का सामना करते हैं। अस्पताल से छुट्टी के वक्त लंबा इंतजार कागजों की खानापूर्ति और बीमा भुगतान में देरी। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने यह टिप्पणी एक याचिका की सुनवाई के दौरान की। दरअसल, वकील शशांक गर्ग ने आरोप लगाया था कि साल 2013 में दिल्ली के साकेत स्थित मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उनकी सर्जरी हुई थी। उन्हें कैशलेस बीमा योजना के तहत कवर किया गया था, लेकिन फिर भी अस्पताल ने 1.73 लाख रुपये की पूरी रकम एडवांस में जमा करवाई। बाद में बीमा कंपनी ने दावा किया कि उसने पूरा भुगतान कर दिया है, लेकिन अस्पताल ने कहा कि उसे कम राशि मिली और 53,000 रुपए की कटौती मरीज की जमा राशि से कर ली गई।

# शिविरों पर इजरायली हमले में 90 से ज्यादा मौत

▶ मृतकों में ज्यादातर बच्चे शामिल

एजेंसी

**गाजा**। गाजा पर हमलों का आलम यह है कि गुड फ्राइडे से पिछले दो दिनों में इजरायली हमलों से कम से कम 92 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन हमलों में 219 से अधिक लोग घायल हुए हैं और दर्जनों अब भी मलबे के नीचे या दुर्गम इलाकों में फंसे हैं। मरने वालों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, खान यूनिस में रातभर चले हवाई हमले में कम से कम 15 बच्चों की मौत हुई। सभी बच्चे टेंटों में सो रहे थे। वहीं राफा में एक अलग हमले में एक मां, उसकी बेटी और दो अन्य



की जान चली गई। शवों को यूरोपियन अस्पताल में लाया गया। उधर, हमास ने इजरायल के अस्थायी युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। हमास का कहना है कि वह स्थायी संघर्षविराम और कैदियों की रिहाई के बदले में समग्र समझौता चाहता है, न कि केवल अस्थायी राहत। इजरायली हमलों के बावजूद हमास अपनी जिद छोड़ने को तैयार नहीं है हमास के इस इनकार के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को स्पष्ट कर दिया कि जब तक हमास हमारे प्रस्तावों को नहीं मानता, युद्ध बंद नहीं होगा। गाजा में सैन्य कार्रवाई पूरी ताकत से जारी रहेगी। उनका यह बयान इजरायल की ओर से गाजा में बड़े ह्यसुरक्षा जोनह्नकब्जाने और 18 महीने लंबे युद्ध को और तेज करने की प्रतिबद्धता को दोहराता है। स्थानीय लोगों के हवाले से अलजजीरा ने बताया, गाजा में कोई भी अब खुद को सुरक्षित नहीं मानता, न अपने घरों में, न टेंटों में, न ही कैंपों में। हर रात लोगों के लिए मौत और भय का वक्त बन चुकी है। गौरतलब है कि 18 मार्च को युद्धविराम खत्म होने के बाद इजरायल ने गाजा में खाद्य, ईंधन और राहत सामग्री पर पूरी तरह रोक लगा दी है। वहीं दूसरी तरफ युद्धविराम पर एक बार फिर लंबा और अनिश्चितकालीन ब्रेक लग गया है।

### पत्नी का सिर काटकर थाने पहुंचा पति

**गुवाहाटी**। असम के चिरांग जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक 60 वर्षीय व्यक्ति ने घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी बितीश हाजोंग ने पत्नी बैजंती हाजोंग का सिर काटकर साइकिल की टोकरी में रखा और सीधे पुलिस थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। यह भयावह वारदात शनिवार रात को हुई। पुलिस के मुताबिक, बितीश एक दिहाड़ी मजदूर है। वह रोज की तरह शनिवार को भी मजदूरी करने के बाद अपने घर आया। इसी बीच पत्नी से विवाद हो गया। विवाद पहले भी होता था, लेकिन इस बार घर में झगड़ा इतना बढ़ गया कि उसने धारदार हथियार से पत्नी का सिर धड़ से ही अलग कर दिया। इसके बाद वह साइकिल से करीब 7 किलोमीटर दूर पुलिस थाने पहुंचा, और थाने में मौजूद अधिकारियों को कटी हुई गर्दन दिखाई।

# वीजा रद्द करने के मामले में कोर्ट ने ट्रंप सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी

**वॉशिंगटन**। वीजा रद्द करना और डिपोर्ट करना अमेरिकी ट्रंप सरकार की प्राथमिकता रही है। अब तक अमेरिकी सरकार लाखों लोगों को डिपोर्ट कर चुकी है। वहीं अब छात्रों को भी निशाना बना रहा है। अमेरिकी प्रशासन ने बड़ी संख्या में विदेशी छात्रों का वीजा रद्द कर दिया। इसमें बड़ी संख्या में भारतीय छात्र भी शामिल थे। अब जॉर्जिया की एक जिला अदालत ने कम से कम 133 छात्रों को राहत दी है।विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने छात्र वीजा धारकों की भी जांच करने के लिए कैच ऐंड रिवोक कार्यक्रम की घोषणा कर दी। इसके तहत यहूदी विरोधी और फिलिस्तीन के समर्थकों को पहचानना था। जॉर्जिया की अदालत ने टेंपररी रिस्ट्रेनिंग ऑर्डर जारी करते हुए छात्रों के डिपोर्टेशन पर रोक लगा दी है। बता दें कि छात्रों को अचानक सूचना दी गई थी कि उनका एक्सचेंज विजिटर इन्फॉर्मेशन सिस्टम बंद किया जा रहा है और अब उनका अमेरिका में ठहरना अवैध है। वहीं कोर्ट ने होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट को आदेश जारी करते हुए कहा कि छात्रों का इस तरह से तत्काल वीजा रद्द नहीं किया जा सकता। इसके अलावा अदालत ने यह भी कहा कि प्रशासन को छात्रों की निजी जानकारी को इस तरह सार्वजनिक नहीं कनरा चाहिए। अदालत ने अमिरिकी प्रशासन को इस मामले में जवाब देने को कहा है। जाहिर सी बात है कि अमेरिकी अदालत के इस आदेश से भारतीय छात्रों को भी राहत मिली है।

# विमान कर रहा था लैंडिंग टूट गया पहिया, यात्रियों में मचा हड़कंप

एजेंसी

**वाशिंगटन**। अमेरिकी विमान कंपनी फ्रंटियर एयरलाइंस के विमान का एक पहिया टूट गया। विमान ने फ्लोरिडा से प्यूर्टो रिको के सैन जुआन के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन लैंडिंग के समय इसके फ्रंट लैंडिंग गियर में गड़बड़ी आ गई। वायरल वीडियो में विमान की खिड़की के बाहर धुआं निकलता नजर आ रहा है, जबकि विमान के अंदर से यात्रियों के रोने की आवाज आ रही हैं। एक पैसेंजर ने इस हादसे के बारे में फेसबुक पर लिखा- कुछ मिनटों के लिए लगा कि अब हमारी कहानी खत्म हो गई है। हकीकत तो यह है कि अनुभवहीन लोग विमान को उड़ा रहे थे। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और नेशनल ट्रांसपोर्ट सेफ्टी बोर्ड इस मामले की जांच कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट के 228 यात्रियों को ले जा रहे एयरबस ए321 की लैंडिंग के दौरान फ्रंट लैंडिंग गियर का एक पहिया टूट गया। इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया और विमान को बस से टर्मिनल तक पहुंचाया। फ्रंटियर एयरलाइंस ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि विमान सुरक्षित रूप से लैंड कर गया, किसी पैसेंजर या क्रू मेंबर को कोई चोट नहीं आई। घटना की जांच की जा रही है। घटना मंगलवार की बताई जा रही है।

### बांदीपुरा-गुरेज पर वाहनों की आवाजाही शुरू

**बांदीपुरा**। जम्मू-कश्मीर में अस्थायी निलंबन के बाद रविवार को बांदीपुरा-गुरेज रोड पर वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी है। अब दोनों और से यातायात को विनियमित समय और सख्त दिशा-निर्देशों के तहत अनुमति दी है। मीडिया रिपोर्ट में एक अधिकारी ने बताया कि टीसीपी कंजलवान से यातायात दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच चलने की अनुमति दी है, जबकि टीसीपी त्रगबल से यातायात को दोपहर 3:30 बजे से शाम 4 बजे के बीच चलने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, भारी मोटर वाहनों को मार्ग पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी और फिसलन वाली सड़क की स्थिति के कारण किसी भी वाहन को एंटी-स्किड चेन के बिना जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# चीन ने फिर किया कमाल, इंसान और रोबोट्स की कराई दौड़

एजेंसी

**बीजिंग**। आपने इंसानों की दौड़ तो देखी होगी लेकिन चीन ने अपने यहां एक अनोखी दौड़ का आयोजन किया यह दौड़ इंसान और रोबोट के बीच थी। बीजिंग में शनिवार को इंसानों और रोबोट्स के बीच हाफ मैराथन दौड़ हुई। यह पहली बार था जब रोबोट्स ने 21 किलोमीटर की दूरी इंसानों के साथ पूरी की। ये आयोजन बीजिंग के दक्षिण-पूर्वी यिझुआंग जिले में हुआ, जहां चीन की कई बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों केक ऑफिस हैं। इसका दौड़ का मकसद रोबोटिक्स और टेक्नोलॉजी की दुनिया में चीन की तरक्की दिखाना था। चीन की ड्रॉयडअप और नोएटिक्स रोबोटिक्स जैसी कंपनियों



के रोबोट्स ने भी इस दौड़ में भाग लिया। दौड़ में शामिल कुछ रोबेट्स का साइज 120 सेमी यानी 3.9 फीट से भी कम था, जबकि कुछ 1.8 मीटर यानी 5.9 फीट तक ऊंचे थे। बीजिंग इनोवेशन सेंटर ऑफ ह्यूमन रोबोटिक्स के रोबोट तियांगोंग अल्ट्रा ने मशीनों में सबसे पहले 2 घंटे 40 मिनट में यह रेस पूरी की जबकि इंसान को रेस पूरी करने में 1 घंटे 2 मिनट का समय लगा। सबसे कम वक्त में 21 किमी की मैराथन पूरी करने का रिकॉर्ड जैकब किप्लिमो जिन्होंने 56 मिनट 42 सेकेंड के नाम है। रेस के दौरान जिस तरह इंसानों को बीच दौड़ के बीच में पानी की जरूरत पड़ती है उसी तरह रोबोट्स को बैटरियां बदलने की परमिशन थी। रोबोट के साथ इंसानी ट्रेनर भी थे, जिन्होंने दौड़ के दौरान रोबोट्स को सहारा दिया। कुछ रोबोट्स ने रनिंग शूज पहने थे, एक ने बॉक्सिंग ग्लव्स भी पहने थे और दूसरे ने लाल रंग का हेंड-बैंड पहना था जिस पर चीनी भाषा में बाउण्ड टू विन यानी जीतने के लिए तैयार हैं लिखा था। रोबोटिक्स सेंटर के चीफ टेक्नोलॉजी अधिकारी ने कहा कि तियांगोंग अल्ट्रा को दौड़ने के दौरान लंबी टांगों और एक एल्गोरिथ्म की मदद मिली। इस वजह से यह इंसानों की तरह मैराथन दौड़ पाया। उन्होंने कहा कि वह शेखी नहीं बघारना चाहता, लेकिन उसे लगता है कि पश्चिम देशों में कोई भी अन्य रोबोटिक्स फर्म तियांगोंग की स्पोर्ट्स अचीवमेंट्स की बराबरी नहीं कर सकती।

# ट्रंप की नीतियों के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतरे

एजेंसी

**वॉशिंगटन**। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए हैं। ये प्रदर्शन अमेरिका के सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रम्प के टैरिफ वॉर, नीतियों और सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस का घेराव किया। लोगों ने ट्रम्प पर नागरिक और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया। इस आंदोलन को 50501 नाम दिया गया है, जिसका मतलब 50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूमों का भी घेराव किया और हाथों में पोस्टर में लिए उसमें लिखा था ट्रम्प को अल सल्वाडोर जेल भेजें। ट्रम्प के



खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को ट्रम्प के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन किए गए थे। वॉशिंगटन डीसी समेत सभी राज्यों में प्रदर्शन की बड़ी वजह ट्रम्प और एलन मस्क की आक्रामक नीतियां हैं। एलन मस्क का दक्षता विभाग लगातार छंटनी कर रहा है। अब तक हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। वहीं ट्रम्प की अप्रवासियों पर कार्रवाई और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की सख्त पॉलिसी भी इन प्रदर्शनों की वजह है। ट्रम्प के टैरिफ वॉर से अमेरिका में दूसरे देशों से आने वाली चीजों के दाम बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं। इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। अमेरिकी सर्वे एजेंसी के मुताबिक 45 फीसदी अमेरिकी मतदाता ट्रम्प के पहले 3 महीने के कामकाज से खुश हैं, जबकि ट्रम्प के पहले कार्यकाल के शुरूआती 3 महीनों में 41 फीसदी मतदाता ही उनके कामकाज से संतुष्ट थे। हालांकि यह बाकी राष्ट्रपति की तुलना में बेहद कम है।

### मालेगांव ब्लास्ट केस का फैसला 8 मई को

**मुंबई** । मालेगांव ब्लास्ट केस में 17 साल में सुनवाई पूरी हुई है। एनआईए की विशेष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। 8 मई को कोर्ट फैसला सुनाएगी। 29 सितंबर 2008 को मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था। बाइक में बम लगाया गया था। जो एक मस्जिद के पास फटा था। इस घटना की मुख्य आरोपी भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर आरोपी हैं।उनके साथ लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय सेवानिवृत्ति, और अन्य आरोपी थे।सभी के ऊपर गंभीर धाराएं लगाई गई थी। जिसमें आतंकी साजिश, हत्या,हत्या की कोशिश और धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोप थे।

# यूक्रेन के हजारों गांवों पर रूस का कब्जा

▶ बदले जाने लगे सड़क और गलियों के नाम

एजेंसी

**कीव**। रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी शहर मारीउपोल में अब रूसी पहचान की छाप तेजी से दिखाई देने लगी है। शहर में रूसी प्रशासन व्यवस्थित तरीके से हजारों यूक्रेनी नागरिकों के घर जब्त कर रहा है, खासकर उन लोगों के जो 2022 की घेराबंदी के दौरान मारे गए या शहर छोड़कर भाग गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 5700 घरों की पहचान जब्ती के लिए की गई है, जबकि 3550 और घरों को संभावित जब्ती की सूची में डाला गया है।ये सभी आंकड़े रूसी-नियंत्रित मारीउपोल प्रशासन



की वेबसाइट पर जुलाई 2024 के बाद से डाले गए दस्तावेजों पर आधारित हैं। मारीउपोल में न सिर्फ मकान जब्त किए जा रहे हैं, बल्कि सड़कों के नाम भी मास्को के निदेशों के मुताबिक बदले जा रहे हैं। साथ ही, नए रूसी सैन्य ठिकाने भी बनाए जा रहे हैं। यह सब उस रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत यूक्रेनी शहरों को ह्यरूसी रंगह्नमें रंगा जा रहा है। 2022 में रूस द्वारा किए गए 86 दिन लंबे घेराबंदी में मारीउपोल लगभग पूरी तरह बर्बाद हो गया था। मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच के अनुसार, उस दौरान कम से कम 8,000 नागरिक मारे गए थे, और करीब 93 प्रतिशत ऊंची इमारतें तबाह हो गई थीं। रूस दावा कर रहा है कि उसने 70 से ज्यादा नई आवासीय इमारतें बनवा दी हैं, स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में अभी भी भीषण हाउसिंग संकट बना हुआ है। इस बीच, खाली पड़े फ्लैटों में बिना इजाजत लोग रहने लगे हैं और मालिकों को जब्ती का नोटिस भेजा जा रहा है।

# धीरे-धीरे अपनी ही मौत की ओर बढ़ता गया ग्रह, वैज्ञानिक हैरान

एजेंसी

**वॉशिंगटन** । अमेरिका के खगोलविदों ने अंतरिक्ष में चौंकाने वाली घटना देखी है, जो एक तारे और उसके ग्रह के साथ घटित हुई। इस घटना में ग्रह धीरे-धीरे अपनी ही मौत की ओर बढ़ता गया और अंततः तारे में समा गया। यह घटना न केवल खगोलशास्त्रियों के लिए चौंकाने वाली है, बल्कि यह हमें ग्रहों के जीवन और उनके अंत को लेकर भी नए सवालों से रूबरू कराती है। यह पूरी घटना 2020 में शुरू हुई, जब वैज्ञानिकों ने 12,000 प्रकाश वर्ष दूर एक तारे को अचानक बहुत तेज चमकते हुए देखा। कुछ समय के लिए वह तारा 100 गुना ज्यादा चमकदार हो गया, लेकिन फिर अचानक धुंधला पड़ गया। वैज्ञानिकों को



पहली बार यह आभास हुआ कि शायद यह तारा अपने किसी ग्रह को निगल रहा है। यह पहली बार था जब किसी तारे को इस तरह की गतिविधि करते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा गया। इससे यह समझने का एक अनूठा अवसर मिला कि जब सूर्य जैसे तारे विशाल और लाल हो जाते हैं, तो उनके नजदीक के ग्रहों का क्या होता है। उस समय एमआईटी के खगोल भौतिकीविद किशलय डे ने कहा था कि यह हमारे अपने सौरमंडल का भविष्य हो सकता है। लेकिन असली तस्वीर बाद में सामने आई, जब अमेरिका के नोयेरलेब के खगोलशास्त्री रयान लाउ और उनकी टीम ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी) से उस तारे का गहराई से अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि यह तारा अपेक्षाकृत छोटा और ठंडा था, जो अपने जीवन के शुरूआती चरण में था। यह इतना विशाल नहीं था कि अपने गुरुत्वाकर्षण से किसी ग्रह को निगल सके। इसका मतलब यह हुआ कि ग्रह खुद ही तारे की तरफ गिरता चला गया और अंत में उसमें समा गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस घटना में हॉट ज्यूपिटर जैसे ग्रह की भूमिका रही होगी। ये ऐसे विशाल गैसीय ग्रह होते हैं जो अपने तारों के बहुत नजदीक चक्कर लगाते हैं। इतने करीब कि उनकी सतहें धीरे-धीरे भाप बनकर उड़ती रहती हैं और वे तारे के चारों ओर एक गैसीय पूंछ बनाते हैं। लंबे समय में उनकी कक्षा सिकुड़ती जाती है और अंततः वे तारे से टकराकर खत्म हो जाते हैं। यही प्रक्रिया झेडटीएफ एसएलआरएन-2020 नामक तारे के साथ हुई प्रतीत होती है। इस ग्रह की कक्षा बुध ग्रह से भी अधिक नजदीक थी और लाखों सालों में वह तारे के वायुमंडल को छूने लगा। अंततः वह पूरी तरह से उसमें समा गया, जिससे चारों ओर ठंडी गैस का बादल बन गया। जेम्स वेब टेलीस्कोप ने इस गैस में कार्बन मोनोऑक्साइड और फॉस्फीन जैसे अणुओं की मौजूदगी दर्ज की, जो आमतौर पर नए ग्रहों के निर्माण में देखे जाते हैं।

# केसरी चैप्टर 2 में अनन्या की भूमि से खुश है पिता चंकी पांडे

एजेंसी

**मुंबई**। जलियांवाला बाग हत्याकांड पर बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म केसरीः चैप्टर 2 रिलीज हो चुकी है। अभिनेता अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे स्टारर फिल्म में अनन्या पांडे अहम भूमिका में हैं। सोशल मीडिया पर अभिनेता चंकी पांडे ने बेटी के लिए पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें अनन्या पर गर्व है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर चंकी पांडे ने मुर्गी और अंडे का उदाहरण देते हुए प्रीमियर नाइट में शामिल होने के लिए आभार जताया और कहा कि उन्हें अनन्या पर गर्व है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, पहले क्या आया मुर्गी या अंडा? सिनेमैटिक वंडर केसरी 2 प्रीमियर नाइट का हिस्सा



बनने के लिए अनन्या पांडे आप पर मुझे गर्व है। 13 अप्रैल 1919 में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड पर बनी फिल्म में अनन्या पांडे अपने करियर में निभाए गए अब तक के एकदम अलग किरदार में नजर आई। वह पहली बार पर्दे पर इस तरह की गंभीर भूमिका में दिखेंगी। केसरी 2 में अनन्या पांडे ने वकील दिलरीत गिल का किरदार निभाया है, जो जलियांवाला हत्याकांड के वक्त अहम भूमिका निभाती हैं।

## खास खबर

### आरैंज कैप पर पूरन का कब्जा

**मुम्बई ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के आक्रामक बल्लेबाज निकोलस पूरन इंडियन प्रीमियर लीग यानी (आईपीएल) के 18 वें सत्र में ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। पूरन के अभी तक इस सत्र में सबसे अधिक रन हैं और वह अन्य सभी प्रतियोगियों से आगे हैं। वहीं सबसे अधिक विकेटों के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की दौड़ में अब प्रसिद्ध कृष्णा सबसे आगे हैं। वहीं शुरूआत से ही इसमें सबसे आगे रहे नूर अहमद अब पीछे हो गये हैं। आईपीएल 2025 के ऑरेंज कैप की बात करें तो पूरन अब भी शीर्ष पर हैं। पूरन के सबसे अधिक 368 रन हैं। गुजरात टाइटन्स के ओपनर साई सुदर्शन 365 रन ही उनके करीब हैं। इसके अलावा जोस बटलर भी शीर्ष पांच दावेदारों में शामिल हो गए हैं। उनके नाम अब 315 रन हैं। चौथे नंबर पर यशस्वी जायसवाल पहुंच गए हैं, जिन्होंने 307 रन बनाए हैं। मिचेल मार्श 299 रनों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।दूसरी ओर पर्पल कैप की बात करें तो इसमें प्रसिद्ध कृष्णा 14 विकेट के साथ ही नंबर एक हैं। दूसरे नंबर पर 12 विकेट लेकर कुलदीप यादव हैं। तीसरे स्थान पर 12 विकेट लेकर ही नूर अहमद हैं। इसके बाद जोश हेजलवुड और शार्दुल ठाकुर हैं। इन दोनों के भी 12-12 विकेट ही हैं।

### रॉयल्स के कप्तान पराग ने हार की जिम्मेदारी ली

**जयपुर ।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग आईपीएल मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर मिली हार से निराश हैं। इससे टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को भी झटका लगा है। पराग ने कहा है कि वह हार की जिम्मेदारी लेते हैं क्योंकि उन्हें 19वें ओवर में ही मैच समाप्त कर देना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अंतिम ओवर में तेज गेंदजाज संदीप शर्मा ने 27 रन दे दिये थे जिससे भी सुपर जायंट्स को लाभ हुआ। रियान ने कहा, हमें नहीं पता कि हमने क्या गलत किया। हम अंतिम ओवर तक खेल में थे। मुझे शायद इसे 19वें ओवर में ही खत्म कर देना चाहिए था, मैं अपने को भी दोषी मानता हूं। हमें बस 40 ओवर तक एक साथ मिलकर खेलना है, तभी हम जीत सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, हमने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया पर अंतिम ओवर नुकसानदेह रहा। हमें लगा कि हम उन्हें 165-170 पर रोक लेंगे। हमें लक्ष्य का सफलत से पीछा करना चाहिए था क्योंकि विकेट सही था पर कुछ खराब गेंदों से मैच हमारे हाथ से निकल गया। अंतिम ओवर में भी हम छह रन ही बना पाये।

### पंजाब किंग्स की सहमालिक को हुआ बुखार

**नई दिल्ली।** आईपीएल टीम पंजाब किंग्स की सहमालिक प्रीति जिंटा बीमार हो गयी हैं। प्रीति जिंटा के बीमार होने की खबरें प्रशंसकों ने सोशल मीडिया में साझा की है। प्रीति ने भी कहा है कि वह बीमार है पर मैच देखती रहेंगी और अपनी टीम का हौसला बढ़ाती रहेंगी। साथ ही मजाकिया अंदाज में कहा कि ये क्रिकेट का बुखार है। प्रीति जिंटा ने सोशल मीडिया में लिखा, मेरा मानना है कि लगातार यात्रा, अत्यधिक गर्मी और एयर कंडीशनिंग के संपर्क में आने और लगातार होटल के कमरे बदलने की वजह से उन्हें बुखार हुआ है। साथ ही लिखा कि जब आप बीमार होते हैं और रात भर नींद नहीं आती है तो यह कभी भी अच्छा नहीं होता।

# केकेआर पर जीत के इरादे से उतरेगी गुजरात टाइटंस

एजेंसी

**कोलकाता ।** आईपीएल में सोमवार को यहां के ईडन गार्डन स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम (केकेआर) अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटंस पर जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में दोनो ही टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात की टीम अभी अंकतालिका में शीर्ष पर है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छे फार्म में हैं। वहीं दूसरी ओर आजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेल रही केकेआर इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है और छठे स्थान पर है। केकेआर के बल्लेबाज और गेंदबाज अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।



गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन के अलावा साई सुदर्शन और जोस बटलर पर आधारित है जबकि गेंदबाजी की कमान प्रसिद्ध कृष्णा और मो सिराज के अलावा स्पिनर साई किशोर पर आधारित रहेगी। केकेआर की बल्लेबाजी अजिंक्य रहाणे , क्विंटन डी कॉक , वेंकटेश अय्यर जबकि गेंदबाजी एनरिक नॉर्टजे, वरुण चक्रवर्ती पर निर्भर है। इस मैदान पर अच्छा उछाल मिलता जिससे बल्लेबाजों के लिए शॉट खेलना आसान होता है। ऐसे में यहां बड़े स्कोर बनते हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार**

**केकेआर :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, रिंकू सिंह, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, एनरिक नॉर्टजे, वरुण चक्रवर्ती, रमनदीप सिंह, नुकूल रॉय, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, अलवनिथ सिसौदिया, स्पेंसर जॉनसन, मोइन अली मयंक मारकंडे, रहमानुल्लाह गुरबाज, चेतन सकारिया।

**गुजरात टाइटंस टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, इशांत शर्मा, शेरफेन रदरफोर्ड, वाशिंगटन सुंदर, करीम जनत, निशांत सिंधु, महिपाल लोमरोर, रविश्रीनिवासन साई किशोर, प्रसिद्ध कृष्णा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, अनुज रावत, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया, दासुन शनाका, गेराल्ड कोएत्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र और गुरनूर बराड़।

यहां तेज गेंदबाजों को शुरूआत में मदद मिलती है पर बाद में स्पिनरों को सहायता मिलती है। अब तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो केकेआर और गुजरात टाइटंस के बीच अब तक केवल 4 मुकाबले ही खेले गए हैं, जिसमें से दो मैच गुजरात ने वहीं एक मैच केकेआर ने जीता है जबकि एक मैच का परिणाम नहीं निकला।

# आईपीएल के इस सत्र में अब तक असफल रहे हैं ईशान

एजेंसी

**मुम्बई ।** बांए हाथ के आक्रामक विकेटीपर बल्लेबाज ईशान किशन आईपीएल के इस सत्र में फ्लाप साबित हुए हैं। ईशान को आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने मोटी रकम देकर खरीदा था। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले ही मैच में ईशान ने 45 गेंदों में शतक लगाकर सत्र की शानदार शुरूआत की थी पर इसके बाद के मैचों में उनका बल्ला खामोश रहा है। ईशान ने की पहले मैच में खेली 106 रनों की पारी से हैदराबाद को जीत मिली थी पर उसके बाद से ही वह छह पारियों में एक में भी दो अंकों में नहीं पहुंच पाये। जिसके बाद से ही वह प्रशंसकों के निशाने पर हैं। गत दिनों राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शतक के दौरान किशन चोटिल हो गए थे और फील्डिंग



के लिए नहीं लौटे थे। इसके कारण उनकी फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ रहा। हालांकि वह बाद के मैचों में खेले। वह सलामी हैं लेकिन हैदराबाद में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की मजबूत ओपनिंग जोड़ी के कारण उन्हें सत्र में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी पड़ रही है। अब अगर वह आगे के मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो ही उनकी टीम इंडिया में वापसी की संभवना बनेगी।

# डब्लयूपीएल से महिला क्रिकेट में आया बदलाव

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा है महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) शुरू होने से काफी लाभ हुआ है और इससे युवा प्रतिभाओं को एक मंच मिला है। मंधाना ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसी) ने पिछले कुछ साल में महिला क्रिकेट के विकास के लिए जो प्रयास किये थे। उनका लाभ नजर आने लगा है। मंधान ने कहा कि अभी तबडब्ल्यूपीएल के तीन चरण ही खेले गए हैं पर इसका प्रभाव घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा है। उन्होंने कहा, ह्यअंडर-19 टीम की खिलाड़ियों में बड़ा बदलाव आया है, उन्हें इतनी सारी चीजें पता हैं जो




हम अपने दिनों में नहीं जानते थे। इसलिए लीग के आने से काफी विकास हुआ है। अब टीवी पर भी महिला क्रिकेट का प्रसारण होता है जिससे भी काफी बदलाव आया है और लोगो खिलाड़ियों को पहचानने लगे हैं। मंधाना ने कहा, ह्यपिछले तीन वर्षों में डब्लूपीएल किस तरह से आगे बढ़ा है, इसे देखने के लिए कितनी सारी लड़कियां आ रही हैं, आप स्पष्ट बदलाव देख सकते हैं। कई लड़कियां अब क्रिकेटर बनना चाहती हैं जो बहुत अच्छी चीज है। काफी माता-पिता अपनी बच्चियों को अकादमी में भेज रहे हैं ताकि वे डब्ल्यूपीएल में खेल सकें। डब्ल्यूपीएल भी दर्शकों का काफी मनोरंजन कर रहा है। ये लीग उसी तरह काम कर रहा है जैसा आईपीएल ने पुरुष क्रिकेट के लिए किया था। घरेलू क्रिकेट पर भी इसका असर दिख रहा है, लड़कियां डब्ल्यूपीएल खेलकर भारतीय टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलना चाहती हैं। मंधाना ने कहा की देश में सितंबर में होने वाले महिला विश्व कप की तैयारियों को देखते हुए उनका आगे का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा। उन्होंने कहा, ह्यइस साल भारत में ही महिला विश्व कप होगा तो समय नहीं मिलेगा। लेकिन दो तीन दिन का भी समय मिले तो वह क्रिकेट अकादमी में बच्चों को अपने अनुभव भी बताएंगी।

# वैभव ने सबसे कम उम्र में आईपीएल किया डेब्यू

एजेंसी

**जयपुर।** आवेश खान की अंतिम ओवर में अच्छी गेंदबाजी से लखनऊ सुपरजायंट्स ने आईपीएल मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 2 रनों से हरा दिया। इस मैच में लखनऊ ने 5 विकेट पर 180 रन बनाए। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान 5 विकेट पर 178 रन ही बना पायी। इस मैच में राजस्थान की ओर से 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने डेब्यू किया जिससे वह आईपीएल खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले सबसे कम उम्र में आईपीएल खेलने का रिकार्ड प्रयास रे बर्मन का था।



प्रयास ने 16 साल की उम्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुर की ओर से खेला था।

वैभव ने पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। ऐसा करने वाले वह 10वें बल्लेबाज बने हैं। वैभव ने शार्दूल ठाकुर की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया। इससे पहले ये उपलब्धि रॉब क्वाइनी (राजस्थान रॉयल्स), केवोन कूपर (राजस्थान रॉयल्स), आंद्रे रसेल (कोलकाता नाइट राइडर्स), कार्लोस ब्रैथवेट (दिल्ली डेयरडेविल्स), अनिकेत चौधरी (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर), जावन सियरलेस (कोलकाता नाइट राइडर्स), सिद्धेश लाड (मुंबई इंडियंस), महेश तीक्षणा (चेन्नई सुपर किंग्स), और समीर रिजवी (चेन्नई सुपर किंग्स) के नाम हैं। राजस्थान रॉयल्स ने वैभव को मेगा नीलामी में 1.10 करोड़ रुपए में शामिल किया था।

# शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आईपीएल ने इसको लेकर जारी बयान में बताया कि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर उनकी टीम द्वारा अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच नंबर 35 के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुमार्ना लगाया गया है। चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया



गया है। गुजरात ने दर्ज की जीतअहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को खेले गए इस मैच में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की थी। मैच में दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए थे। जवाब में जोस बटलर की 54 गेंदों पर 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन की अहम पारी की बदौलत गुजरात की टीम ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## अभिषेक फिर केकेआर से जुड़े

**मुम्बई ।** टीम इंडिया के सहयोगी स्टाफ से बाहर किये जाने के बाद अभिषेक नायर एक बार फिर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेकेआर) से जुड़ गये हैं। अभिषेक को गौतम गंभीर के भारतीय टीम के मुख्य कोच बनाये जाने के बाद सहायक कोच बनाया गया था पर टीम को कोई फायदा न होता देखकर भारतीय क्रिकेटर बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें बाहर कर दिया है। बोर्ड ऑस्ट्रेलिया दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद से ही बाहर था हालांकि उन्हें किस पद पर रखा गया है, इसकी घोषणा नहीं हुई है। अभिषेक के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई को भी टीम से हटा दिया गया है। वहीं साल 2018-2024 तक केकेआर में शामिल रहे अभिषेक 2018 से 2024 तक कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे और गंभीर के कार्यकाल के दौरान उनके साथ थे।

# आईपीएल में हर सत्र के साथ बढ़ रही छक्कों की संख्या

▸ नये नियम का भी हुआ प्रभाव

एजेंसी

**मुम्बई ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के साल 2008 में शुरू होने के बाद से ही अब तक हुए 1133 मैचों में 13614 छक्के लगे हैं। आईपीएल का अभी 18 वां सत्र चल रहा है। इसमें नये नियमों से भी मैच बल्लेबाजों के पक्ष में गया है और अधिक छक्के लगे हैं। इस सत्र में अब तक हुए 34 मैचों में ही 587 छक्के लगे हैं। इस प्रकार हर मैच में 17.2 छक्के लगे हैं। यह आईपीएल के किसी भी सत्र से ज्यादा है।

वहीं शुरूआती सत्र 2008 में 622 छक्के ही लगे थे। इस प्रकार प्रति मैच औसतन 10.72 छक्के लगे पर इसके बाद के सत्र से ही




छक्कों की तादाद बढ़ने लगी। आईपीएल 2013 तक औसत छक्कों की संख्या 10 से कम रही लेकिन 2014 में यह बढ़कर 11.90 पहुंच गई। तब से हर मैच 10 से ज्यादा छक्के लग रहे हैं। इसका कारण 2022 में आये इम्पैक्ट प्लेयर नियम को भी माना गया है। इसके बाद छक्कों की संख्या में काफी तेजी आई है। एक अतिरिक्त खिलाड़ी होने की वजह से टीमें ज्यादा जोखिम लेने लगी है। 2022 में पहली बार लीग में 1000 से ज्यादा छक्के लगे। प्रति मैच छक्कों की संख्या पहली बार 14.35 रही। वहीं साल 2023 में यह पहली बार 15 के ऊपर पहुंच गई। उस सीजन 74 मैचों में कुल 1124 छक्के लगे थे। हर 15.34 गेंद के बाद एक छक्का लग रहा था।

वहीं 2024 सीजन में ओर तेजी देखी गयी। इस दौरान 8 बार टीमों ने 250 से ज्यादा रन बनाये। आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर 287 रन रहा। 262 रनों के लक्ष्य को भी टीमों ने हासिल कर लिया। इस सत्र में बल्लेबाजों ने कुल 1260 छक्के मारे। प्रति मैच 17.02 छक्के लगे। सनराइजर्स हैदराबाद ने इस दौरान सबसे ज्यादा 178 छक्के लगाये। 165 छक्कों के साथ आरसीबी सूची में दूसरे स्थान पर थी। लीग में अभी तक 1133 मैच हुए हैं और कुल 13614 छक्के लगे हैं। वहीं आईपीएल के 2025 सत्र में छक्कों की संख्या भी तेजी है।

# नडाल का फ्रेंच ओपन टेनिस में होगा सम्मान : मौरेस्मो

एजेंसी

**पेरिस ।** स्पेन के टेनिस स्टार रफेल नडाल को फ्रेंच ओपन टेनिस के पहले दिन 25 मई को कोर्ट फिलिप चैट्रियर में सम्मानित किया जाएगा। नडाल बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्रेंच हैं। 14 बार के विजेता नडाल ने पिछले साल नवंबर में खेल को अलविदा कह दिया था। फ्रेंच ओपन की निदेशक एमिली मौरेस्मो ने कहा कि नडाल ने कई प्रकार से फ्रेंच ओपन को प्रभावित किया है। इसलिए उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। नडाल वह टूनार्मेंट संग्रहालय में एक प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे और



आधिकारिक फ्रेंच ओपन ट्रेलर में अपनी आवाज देंगे। नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम बार 2024 में खेले थे पर इसमें वह पहले दौर में ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। उनके नाम चारों ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। नडाल ने पुरुष टेनिस में सबसे अधिक 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इसमें 14 फ्रेंच ओपन दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और दो विम्बलन खिताब के अलावा 4 अमेरिकी ओपन खिताब हैं। इसके अलावा उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा एटीपी टूनार्मेंट खिताबः 92 एकल खिताब, जिसमें 36 मास्टर्स 1000 खिताब और 23 एटीपी 500 खिताब शामिल हैं। डेविस कपः स्पेन के लिए 5 बार (2004, 2008, 2009, 2011, 2019) डेविस कप जीता। वह 209 हफ्तों तक एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 रहे, पहली बार 2008 में शीर्ष स्थान हासिल किया।

# मांजरेकर के शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में विराट ओर सैमसन शामिल नहीं

एजेंसी

**मुंबई ।** पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने आईपीएल के अब तक के सत्र में के शीर्ष टॉप 10 बल्लेबाजों को चयनित किया है। मांजरेकर की इस सूची में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को जगह नहीं मिली है। आईपीएल की शुरूआत में भी मांजरेकर ने सत्र के संभावित शीर्ष 10 बल्लेबाजों की एक सूची बनायी थी। उस सूची में से केवल पांच खिलाड़ी ही इस सूची में शामिल हैं। इस सूची में मिचेल मार्श, ट्रैविस हेड, निकोलस पूरन,



फिल सॉल्ट, श्रेयस अय्यर बने हुए हैं जबकि पांच खिलाड़ी बाहर हो गए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल शुरूआत में इसमें नहीं थे पर अब उन्हें जगह मिली है। राहुल ने पांच पारियों में 238 रन बनाये हैं। , इस सूची में गुजरात टाइटन्स के जोस बटलर, प्रियांशु आर्य, अभिषेक शर्मा और हेनरिक क्लासेन को भी शामिल किया गया है। पावरप्ले में प्रियांशु आर्य और अभिषेक शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी की है। मांजरेकर के शीर्ष 10 बल्लेबाज वो हैं, जिन्होंने कम से कम 200 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट अच्छा है। वहीं सत्र में 200 से ज्यादा रन बनाने और 60 की औसत बनाए रखने के बावजूद, विराट का नाम नहीं होने से सभी हैरान हैं। उनका नाम शामिल नहीं होने का कारण स्ट्राइक रेट सिर्फ कम होना है।

# बीसीए अध्यक्ष ने वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी पर जताई खुशी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पदार्पण कर धमाकेदार पारी खेलने वाले युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा है कि वैभव की बल्लेबाजी देखकर बेहद खुश हूं। मुझे भरोसा था कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा।

बिहार के 14 वर्षीय वैभव ने आईपीएल 2025 के 36वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के लिए पदार्पण करते ही इतिहास रच दिया। वैभव आईपीएल में पदार्पण करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने हैं। युवा खिलाड़ी को मैच में




राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन की जगह खेलने को मिला, जो चोट के कारण मैच नहीं खेल रहे थे। वैभव को इम्पैक्ट सब के रूप में खेलने का मौका मिला था। वह यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करने आए। उन्होंने अपनी पहली गेंद पर छक्का मारकर सभी को आकर्षित किया। बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज ने मैच में महज 20 गेंदों में 2 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 34 रन बनाए थे।

उनकी पारी पर प्रतिक्रिया देते हुए बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा, ॅमैं आज वैभव की बल्लेबाजी देखकर बेहद खुश हूं। मुझे हमेशा भरोसा था कि जब भी वैभव को मौका मिलेगा, वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। मुझे यकीन है कि वह आगे भी इसी तरह की प्रभावी पारियां खेलेगा।ॅ उन्होंने आगे कहा, ॅयह तो बस शुरूआत है। मैं मानता हूं कि वैभव आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट का एक बड़ा नाम बन सकता है। आईपीएल में डेब्यू पर बनाया रिकॉर्डबिहार में जन्मे वैभव ने शनिवार को जयपुर में खेले गए मुकाबले में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 14 साल और 23 दिन की उम्र में आईपीएल में डेब्यू किया। इसी के साथ वह आईपीएल में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के प्रयास राय बर्मन के नाम था, जिन्होंने 2019 में 16 साल 157 दिन की उम्र में आईपीएल डेब्यू किया था। अब सूर्यवंशी के नाम सबसे कम उम्र में आईपीएल खेलने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में वैभव सूर्यवंशी को 1 करोड़ 10 लाख रुपये में खरीदा था। लखनऊ ने राजस्थान को 2 रन से हरायालखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 180 रन बनाए थे। इसके जवाब में राजस्थान की टीम 5 विकेट खोकर 178 रन ही बना सकी। राजस्थान को आखिरी ओवर में 2 रन से हार का सामना करना पड़ा।



जर्मनी में डब्यलूटीए 500 मुकाबले में अमेरिका की जेसिका पैगुला खेलती हुई।



'जाट' पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप

# सनी-रणदीप के खिलाफ केस दर्ज

सनी देओल, रणदीप हुड्डा स्टारर हालिया रिलीज फिल्म 'जाट' मुश्किलों में घिरती दिख रही है। फिल्म पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा है। जालंधर के थाना सदर में सनी देओल, रणदीप हुड्डा समेत टीम के अन्य सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। जालंधर के थाना सदर में 'जाट' फिल्म के अभिनेता सनी देओल, रणदीप हुड्डा, वीनित कुमार, निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी, प्रोड्यूसर नवीन मलिनेनी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। फिल्म के सदस्यों पर मामला जालंधर के गांव फोलरीवाल निवासी विकल्फ गोल्ड के बयानों पर दर्ज हुआ है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की धारा 299 बीएनएस के तहत दर्ज किया गया है। ईसाई समुदाय ने हाल ही में 'जाट' फिल्म में एक सीन को लेकर पुलिस कमिश्नरेट दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया था। समुदाय का आरोप है कि फिल्म के एक सीन में प्रभु यीशु और धर्म से जुड़ी पवित्र चीजों की बेअदबी की गई है, जिसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को मामला दर्ज करवाने की मांग के साथ पत्र सौंपा था। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि जाट मूवी में प्रभु यीशु मसीह के सलीब (लकड़ी का बना क्रॉस) वाले दृश्य की नकल करके ईसाईयों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है। जाट का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। सनी देओल के साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा खतरनाक खलनायक रणतुंगा के किरदार में हैं। फिल्म में उर्वशी रौतेला का एक आइटम सॉन्ग टच किया भी है। हिंदी के साथ ही तमिल और तेलुगू में रिलीज हुई फिल्म जाट का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स ने पीपल मीडिया फैक्ट्री के साथ मिलकर किया है। 10 अप्रैल को रिलीज हुई जाट का बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है। फिल्म 60 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। सफलता से उत्साहित निर्माताओं ने जाट 2 की घोषणा भी कर दी है। निर्माताओं ने बताया कि जाट 2 नए मिशन के साथ दर्शकों के सामने आएगी।

# मॉडल के साथ अफेयर की चर्चाओं के बीच, हनी सिंह का क्रिप्टिक पोस्ट



अक्सर सुर्खियों में रहने वाले सिंगर-रैपर हनी सिंह आजकल अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब हनी सिंह का एक क्रिप्टिक पोस्ट लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। जानिए इस पोस्ट में ऐसा क्या है खास। भारतीय रैपर-सिंगर हनी सिंह इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में बने हुए हैं।

उनके और मॉडल एमा बकर के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं इन दिनों बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनी हुई हैं। हाल ही में एमा के जन्मदिन के मौके पर हनी सिंह की मौजूदगी ने एक बार फिर चर्चाओं को हवा दे दी है। अब अफेयर की चर्चाओं के बीच हनी सिंह ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा की है। जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।

### 'जिंदगी एक खूबसूरत सफर है'

हनी सिंह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। रिलेशनशिप की चर्चाओं के बीच हनी सिंह का ये क्रिप्टिक पोस्ट सुर्खियां बटोर रहा है। अपने इस पोस्ट में हनी सिंह ने लिखा, आप धरती पर रहते नहीं हैं, आप इससे गुजर रहे हैं। जिंदगी एक खूबसूरत सफर है, पीड़ा नहीं दोस्त। हनी सिंह का ये क्रिप्टिक पोस्ट अब लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा।

### जन्मदिन सेलिब्रेशन में एमा के साथ नजर आए हनी सिंह

हनी सिंह ने ये स्टोरी ऐसे वक्त पर लगाई है, जब हाल ही में एमा बकर की जन्मदिन की पार्टी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ, जिसे खुद हनी सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया है। इस वीडियो में हनी सिंह अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड एमा बकर के साथ बैठे हुए हैं और एक आलीशान रेस्टोरेंट में जन्मदिन का सेलेब्रेशन मना रहे हैं। वीडियो में दिखता है कि हनी ने एमा के लिए सरप्राइज पार्टी रखी है। इस दौरान वीडियो में हनी सिंह एमा का हाथ थामे भी दिखाई दे रहे हैं। बैकग्राउंड में हनी सिंह का गाना मिलियनेयर बज रहा था, जिससे सोशल मीडिया यूजर्स संभावित रोमांटिक कनेक्शन के बारे में अटकलें लगा रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही हनी सिंह और एमा बकर के अफेयर की चर्चाएं जोरों पर हैं।

# महेश बाबू की फिल्म 'एसएसएमबी 29' को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने दिया हिंट



हाल ही में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से चर्चा में हैं। महेश बाबू की इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। महेश बाबू और राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसएमबी 29' की शूटिंग जोरों-शोरों से चल रही हैं। अब फिल्म को लेकर एक अपडेट आया है। प्रियंका चोपड़ा ने दिए ये हिंट। जानने के लिए पढ़ें पूरी खबर। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है। इसमें उन्होंने ग्राफिक्स के जरिए बताया है कि वह मुंबई से होते हुए पर्ल सिटी हैदराबाद आ गई हैं। 123 तेलुगु की रिपोर्ट के जरिए यह कहा जा रहा है कि अभिनेत्री महेश बाबू की फिल्म 'एसएसएमबी 29' की शूटिंग के लिए फिर से हैदराबाद आ गई हैं, जिसका अगले हफ्ते यहां शूटिंग होगी। इस फिल्म के एक-एक अपडेट का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

### फिल्म को लेकर क्या है अपडेट?

राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म एसएसएमबी 29 को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का प्लान है। महेश बाबू अभिनीत इस एडवेंचर थ्रिलर फिल्म की शूटिंग 2026 के मध्य तक चलने की उम्मीद है। अभी फिल्म ने ओडिशा के कोरपुट शेड्यूल की शूटिंग पूरी की है।



# गुरु रंधावा ने अपने पहले इंडिपेंडेंट एल्बम विदाउट प्रेजुडिस से कतल का ऑफिशियल वीडियो किया रिलीज़

गुरु रंधावा ने हाल ही में अपने नए एल्बम विदाउट प्रेजुडिस के रिलीज़ से संगीत प्रेमियों को एक खास तोहफा दिया है। एल्बम के सभी नौ गानों के ऑडियो वर्जन को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया के बीच, अब गुरु रंधावा ने एल्बम के गाने कतल का आधिकारिक यूट्यूब वीडियो रिलीज़ कर दिया है। इस वीडियो में उनके साथ साउंडस मुफ़ाकिर नजर आ रही हैं, और इसे वॉर्नर म्यूजिक इंडिया के सहयोग से तैयार किया गया है। इस गाने को गुरु रंधावा ने खुद गाया है, जबकि इसके बोल रोनी अजनाली, गिल मछराई और गुरु रंधावा ने मिलकर लिखे हैं। कतल एक महिला की खूबसूरती की झलक को बयां करता है, जिसे गुरु रंधावा ने अपनी भावपूर्ण आवाज़ के ज़रिए पेश किया है। इसमें एक महिला की खूबसूरती की तुलना एक हथियार की धार से की गई है–जो उनके आत्मविश्वास, ऊर्जा और आकर्षण का प्रतीक है। इस वीडियो का निर्देशन मशहूर कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने किया है, जो संगीत और डांस प्रेमियों को जरूर पसंद आएगा। गुरु की गायकी और गीतों की गहराई को बॉस्को की कोरियोग्राफी के साथ मिलाकर कतल एक बेहतरीन फ्यूजन बन जाता है, जो युवाओं के बीच खासा लोकप्रिय हो सकता है और भारतीय संगीत को वैश्विक स्तर पर एक नई ऊंचाई पर पहुंचाता है। विदाउट प्रेजुडिस को गुरु रंधावा का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट माना जा रहा है। पंजाबी म्यूजिक को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने वाले गुरु इस एल्बम में पारंपरिक रंगों को आधुनिक वैश्विक ध्वनियों के साथ मिलाकर एक अनूठा अनुभव देते हैं। यह रचनात्मक पहल न सिर्फ़ उनकी लोकप्रियता को बढ़ाती है बल्कि दुनियाभर में बसे भारतीय समुदाय को भी एक सूत्र में जोड़ती है।

# सिनेमाघरों में फिर रिलीज हुई 'विक्की डोनर', आयुष्मान बोले फिल्म ने मेरी जिंदगी बदल दी



**अभिनेता** आयुष्मान खुराना और अभिनेत्री यामी गौतम धर स्टारर फिल्म 'विक्की डोनर' शुक्रवार को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज की गई। अभिनेता ने 'विक्की डोनर' को उनकी जिंदगी बदलने वाली फिल्म बताया। 13 साल पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'विक्की डोनर' के प्रति प्रेम और लगाव को व्यक्त करते हुए आयुष्मान खुराना ने कैप्शन में लिखा, 13 साल पहले आई फिल्म 'विक्की डोनर' ने आपके दिलों में जगह बनाई और मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी।

अभिनेता ने आगे बताया, 'विक्की डोनर' सिनेमाघरों में वापस आ चुकी है और मैं फिर से वही प्यार-अपनापन महसूस कर रहा हूं। विक्की डोनर साल 2012 में रिलीज हुई थी। फिल्म निर्देशक सुजित सरकार ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को री रिलीज की जानकारी दी। उन्होंने फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, 'विक्की डोनर' 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हो रही है। विक्की डोनर के जरिए अभिनेता जॉन अब्राहम ने निर्माण की दुनिया में कदम रखा था। 'विक्की डोनर' की री-रिलीज पर उत्साह व्यक्त करते हुए जॉन ने लिखा था, निर्माता के तौर पर मेरी पहली फिल्म 18 अप्रैल को बड़े पर्दे पर वापस आ रही है! बोल्ड, समय से आगे की कहानी जिसमें एक मैसेज है, जो आज भी दिल को छू जाता है। मैं सुजित सरकार, जूही चतुर्वेदी, अनु कपूर और आयुष्मान खुराना, यामी गौतम संग काम कर खुद को लकी महसूस करता हूं। इस जबरदस्त कॉमेडी फिल्म को मिस न करें! 18 अप्रैल को देखें। आयुष्मान खुराना और यामी गौतम ने साल 2012 में आई फिल्म 'विक्की डोनर' के साथ बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। स्पर्म डोनेशन और बांझपन को लेकर सामाजिक धारणाओं पर चोट करती फिल्म ने तीन राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते थे।

# मैं राम नहीं दशरथ के रास्ते पर चलता हूं

2 शादी और एक अफेयर पर कमल हासन ने दी सफाई

अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ के प्रमोशन में व्यस्त कमल हासन ने शादी पर खुलकर बात की। त्रिशा कृष्णन ने शादी में विश्वास न होने की बात कही, तो कमल हासन ने अपनी दो शादियों का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी।



एक्टर कमल हासन, त्रिशा कृष्णन और सिलंबरासन टीआर उर्फ सिम्बू अपनी आगामी फिल्म ठग लाइफ के प्रचार में व्यस्त हैं। प्रचार के दौरान जब एक्टर्स से शादी के बारे में पूछा गया तो कमल ने दो बार शादी करने की बात कही। इवेंट में एंकर ने सबसे शादी के बारे में उनकी राय पूछी। त्रिशा ने जवाब दिया, मैं शादी में विश्वास नहीं करती। अगर शादी होती है तो ठीक है, अगर नहीं होती है तो भी ठीक है। जब कमल से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने एक दशक पहले एमपी जॉन ब्रिटास के साथ हुई एक घटना का जिक्र किया। कमल हासन ने तमिल में कहा, यह 10-15 साल पहले की बात है। एमपी ब्रिटास मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने कॉलेज के छात्रों के एक ग्रुप के सामने मुझसे पूछा- आप एक अच्छे ब्राह्मण परिवार से हैं, आपने दो बार शादी कैसे की? मैंने कहा- अच्छे परिवार से होने का शादी से क्या लेना-देना है? उन्होंने कहा- नहीं, लेकिन आप भगवान राम की पूजा करते हैं, इसलिए आप वैसे ही जीते हैं जैसे उन्होंने जिया।

# मर्दों को पीरियड्स होते तो युद्ध हो जाता: जान्हवी कपूर



**जान्हवी** कपूर ने उन पुरुषों की आलोचना की है जो महिलाओं के पीरियड्स के दर्द को अनदेखा करते हैं। उन्होंने कहा कि पुरुष इस दर्द को सहन नहीं कर पाएंगे। जान्हवी ने बताया कि पीरियड्स का दर्द महिलाओं को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है और कुछ पुरुष इसे कम आंकते हैं। एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने उन पुरुषों की आलोचना की है जो महिलाओं में पीरियड्स के दर्द को नफरत भरी निगाहों और लहजे से नज़रअंदाज़ करते हैं। उनका कहना है कि वे खुद इस दर्द को बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। हाल ही में एक इंटरव्यू में जान्हवी ने बताया कि पीरियड्स का दर्द महिलाओं को किस तरह से अलग तरह से प्रभावित कर सकता है और क्यों कुछ पुरुष इसे तुच्छ समझते हैं। हाउटरफ्लाई से बात करते हुए जान्हवी कपूर ने बताया कि कैसे कई बातचीत में पीरियड्स के दर्द और मासिक धर्म का इस्तेमाल महिलाओं के मूड स्विंग के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, अगर मैं झगड़ा करने की कोशिश कर रही हूं या मेरी बात को सामने रखने की कोशिश कर रही हूं और आप बोलते हो क्या यह पीरियड्स का समय है? लेकिन अगर आप सच में हमदर्दी दिखा रहे हैं, तो आपको एक मिनट रुकना चाहिए। अधिकतर मामलों में, आपको एक मिनट की जरूरत होती है, क्योंकि जिस तरह से हमारे हार्मोन चार्ट से बाहर हैं, हम जिस दर्द से गुजरते हैं, वह बहुत मुश्किल है।

### मर्दों को पीरियड्स होते तो...

जान्हवी ने पीरियड्स को कुछ पुरुषों के नज़रिए को पर बात की और कहा, लेकिन यह अजीब सी नजर और लहजा है... क्योंकि मैं आपको विश्वास दिलाती हूं, पुरुष इस दर्द और मूड स्विंग को एक मिनट भी बर्दाश्त नहीं कर पाएंगे। पता नहीं कौन सा परमाणु युद्ध हो जाता अगर मर्दों को पीरियड्स होते।


आइये,
हाथ से हाथ जोड़ें
कांग्रेस से जुड़ें!
गौतमबुद्ध नगर के सभी जागरूक नागरिक, किसान भाईयों, बहनों / नौजवान साथियों,
नमस्कार...
चाहे आप गांव में रहते हों सोसाइटी अथवा शहर के सेक्टरों में
अब वक्त है देश और लोकतंत्र की रक्षा के लिये एकजुट होने का !
जिला कांग्रेस गौतमबुद्ध नगर आपको आमंत्रित करती है, सच्चे लोकतंत्र की आवाज बनिए - अपने क्षेत्र, अपने समाज और अपने देश के लिए।
कांग्रेस से जुड़ें और बनें बदलाव के भागीदार
आज ही जुड़िए कांग्रेस से।
आपका एक कदम,
देश की दिशा बदल सकता है।
हमसे जुड़ने के लिए मिस्ड कॉल करें
9643 84 9643
कांग्रेस
जनता की पार्टी,
जनता के लिए...
दीपक भाटी चोटीवाला
जिला अध्यक्ष, कांग्रेस - गौतमबुद्ध नगर | पूर्व विधायक प्रत्याशी - दादरी विधानसभा | सदस्य - AICC
9458 22 7777, 9910 17 4200
@deepakbhatichotiwala
@chotiwala_official
@CHOTIWALA